संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार 25 जून 2025 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 173 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और राज्य विधानमंडल द्वारा पारित प्रमुख विधेयकों पर उनकी मंजूरी मांगी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल पर दोनों नेताओं की इस औपचारिक भेंट की तस्वीर साझा की गई। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और अनुमोदन के लिए लंबित विधेयकों पर चर्चा की। इस अवसर पर मैंने उन्हें मैसूर पेटा और चंदन की स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया, जो राज्य का गौरव है। राष्ट्रपति की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहे विधेयकों में शिक्षा, खनन कराधान, सार्वजनिक खरीद पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई विधायी उपाय शामिल हैं। इनके लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक मानी जाती है। राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत प्रमुख विधेयकों में बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (कर्नाटक संशोधन) विधेयक 2025 शामिल है।

## प्राक्कलन समिति ने अपनी 75 साल की यात्रा में 1,000 से अधिक रिपोर्ट संसद को सौंपी : ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुंबई में कहा कि वित्तीय अनुशासन, जवाबदेही, प्रशासन में पारदर्शिता, सटीक बजटीय पूर्वानुमान और गतिशील प्रशासन के लिए प्रभावी कार्य पद्धति का निर्णय पूर्वानुमान समिति के माध्यम से किया जाएगा। ओम बिरला मंगलवार को पूर्वानुमान समिति के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्राक्कलन समिति ने अपनी 75 साल की यात्रा में 1,000 से अधिक रिपोर्ट संसद को सौंपी हैं। समिति ने जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, भारतमाला, एम्स और इलेक्ट्रिक वाहन नीति पर सरकार को महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। सरकार ने संसद और राज्यों में समिति द्वारा की गई 97 प्रतिशत सिफारिशों को स्वीकार किया है। आने वाले दिनों में संसद और विधानमंडल के सदस्यों की कार्य पद्धति को और अधिक कुशल बनाने के लिए काम किया जाएगा। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की प्राक्कलन समितियों के 109 प्रतिनिधियों और संसद में समिति के 22 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में बजटीय प्रावधान, निधियों का उपयोग, संसदीय





कार्य में प्रौद्योगिकी का उपयोग, वित्तीय स्तर पर राज्य और केंद्र सरकारों के बीच प्रभावी समन्वय, प्राक्कलन समिति द्वारा की गई सिफारिशें आदि पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में समिति के कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाने, प्रभावी डेटा विश्लेषण और समिति में सदस्यों की न्यूनतम संख्या तय करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 6 प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें बजट अनुमानों पर प्रभावी नियंत्रण और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने वाली प्रणाली, समिति में अनुभव और ज्ञान को साझा करने के लिए एक संस्थागत प्रणाली विकसित करना, समिति द्वारा की गई सिफारिशों, प्रस्तुत रिपोर्टों और की गई कार्रवाई के जनता पर पडने वाले प्रभाव का प्रभावी प्रचार, समिति के बजट अनुमानों और प्रशासनिक खर्चों के मूल्यांकन के लिए एक विशिष्ट अवधि, समिति के सदस्यों की दक्षता के लिए एक प्रभावी कार्य प्रणाली बनाना, राज्य और केंद्र के समन्वय में समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करना आदि शामिल थे। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्वानुमान समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, राज्य पूर्वानुमान समिति के अध्यक्ष अर्जुन खोतकर, राज्यसभा के सचिव पीसी मूडी, विधानसभा सचिव जितेंद्र भोले उपस्थित थे।

# 'भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं'

- भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक बातचीत के शताब्दी समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि कैसे भारत ने 22 मिनट में दुश्मनों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने हाल ही में ये भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देशहित में जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। 'इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी' इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न सिर्फ हमारे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतंत्रता के उद्देश्य को नए मायने दिए। 100 साल पहले श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात आज भी उतनी की प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है।'

**'विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा के स्रोत की तरह'**: प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '100 साल पहले वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए आज भी ऊर्जा के स्रोत की तरह है। इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु को नमन करता हूं और महात्मा गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

**'सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता'**: प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। आप सभी जानते हैं कि समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए आज भी जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित,वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।'

'श्री नारायण गुरु महान संत थे' पीएम मोदी ने कहा, 'भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है, तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है।



### श्री नारायण गुरु महान संत थे: प्रधानमंत्री

मोदी ने कहा, 'श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है। देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह हैं। समाज के शोषित, पीड़ित, वंचित वर्ग से मेरा क्या नाता है और इसलिए जब मैं समाज के शोषित, पीड़ित, वंचित वर्ग के लिए निर्णय लेता हूं तो मैं गुरु देव को जरूर याद करता हूं।'

### वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ: पीएम

**पीएम** मोदी ने कहा, 'भारत की विशेषता है कि हमारा देश जब भी मुश्किलों के भंवर में फंसता है, तो कोई न कोई महान विभूति देश के किसी कोने में जन्म लेकर समाज को नई दिशा दिखाता है। कोई समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए काम करता है, तो कोई सामाजिक क्षेत्र में समाज सुधारों को गति देता है। श्री नारायण गुरु ऐसे ही महान संत थे।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'अभी हाल ही में हमने विश्व योग दिवस मनाया। इस बार योग दिवस की थीम थी– वन अर्थ, वन हेल्थ यानी एक धरती एक स्वास्थ। इससे पहले भी भारत ने विश्व कल्याण के लिए वन वर्ल्ड, वन हेल्थ जैसे पहल की है। 2023 में जब भारत ने जी20 समिट को लीड किया था, तब थीम रखा था– ववन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर।

## इजराइल और ईरान से भारतीयों को सुरक्षित दिल्ली लाया गया

**नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय वायु सेना के सी-17 विमानों ने भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को निकालने के लिए जॉर्डन और मिस्र से मिशन शुरू किए हैं। ऑपरेशन सिंधु के तहत 161 भारतीयों को इजराइल से दिल्ली लाया गया। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बाद एक अन्य उड़ान के जरिए ईरान के मशहद से 292 भारतीयों को निकाला गया। भारतीय नागरिकों और मित्र देशों के नागरिकों को वापस लाने के लिए निकासी अभियान शुरू किया गया है।



सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।

## सेना की आतंकवाद निरोधक क्षमता बढ़ेगी, दो हजार करोड़ के हथियार खरीदे जाएंगे

**फैंसला**

- रक्षा मंत्रालय ने 13 तरह की हथियार प्रणालियों के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के लिए लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत से 13 तरह की हथियार प्रणालियां खरीदी जाएंगी। केंद्र सरकार ने आपातकालीन खरीद के तहत 1,981 करोड़ रुपये के 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन उपकरणों की डिलीवरी 12 महीनों के भीतर पूरी हो जाएगी। ये हथियार विशेष रूप से सेना की आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए खरीदे जाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में भारतीय सेना की परिचालन क्षमता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत 13 अनुबंधों को अंतिम रूप दिया है। भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय में से 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है। आपातकालीन खरीद व्यवस्था के अंतर्गत फास्ट-ट्रैक प्रक्रियाओं के माध्यम से निष्पादित इस खरीद का उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ अभियानों में तैनात सैनिकों के लिए मारक क्षमता, गतिशीलता और सुरक्षा को बढ़ाना है। खरीदे जाने वाले प्रमुख उपकरणों में एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम, निम्न स्तर के हल्के वजन वाले रडार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली लांचर और मिसाइल, वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग सिस्टम सहित लोइटरिंग म्यूनिशन, विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट, बैलिस्टिक हेलमेट, त्वरित प्रतिक्रिया लड़ाकू वाहन, राइफलों के लिए रात्रि दृष्टि शामिल हैं।

## देशभर में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 शुरू

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश के पासपोर्ट अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) के अगले चरण और देशव्यापी ई-पासपोर्ट सेवाओं की शुरूआत की घोषणा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 13वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर भारत और विदेश में सभी पासपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के मार्गदर्शन में आपके सराहनीय प्रयास यात्रा को आसान बनाने, वैश्विक कार्यस्थल तक पहुंच को गहरा करने और नागरिकों को सशक्त बनाने में सहायक हैं। पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम 2.0 और ई-पासपोर्ट की शुरूआत के साथ विदेश मंत्रालय हमारी पासपोर्ट सेवाओं की समयबद्धता, पारदर्शिता और पहुंच को पहले बेहतर बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।'

## मायावती ने उड़ीसा में दलित युवकों के साथ अमानवीय कृत्य की निंदा



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने उड़ीसा राज्य में दलितों की पिटाई और उन्हें गंदा पानी पिलाने की घटना की निंदा की है। उन्होंने उड़ीसा और केंद्र सरकार से इस घटना का संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की है। मायावती ने मंगलवार को उड़ीसा की घटना को लेकर सोशलमीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि उड़ीसा के गंजाम जिले में कुछ जातिवादी संगठनों ने दो दलित युवकों के हाथ-पैर बांधकर उनकी बेरहमी से पिटाई की। उनके आधे बाल काट दिए गए। उन्हें घुटनों के बल चलने और नाले का गंदा पानी पीने पर मजबूर किया गया। यह बहुत ही अमानवीय कृत्य है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

## नीतीश सरकार बनायेगी हर पंचायत में विवाह भवन, 46 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना' को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत पंचायतों में विवाह भवनों के निर्माण के लिए 40 अरब 26 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति सहित 46 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक के बाद कैबिनेट की जानकारी देते हुए बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीना ने बताया कि इन विवाह भवनों का



संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। पंचायत स्तर पर विवाह भवनों के निर्माण से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने कहा कि जीविका द्वारा संपोषित 'दीदी की रसोई' का संचालन बहुत ही अच्छे ढंग से हो रहा है। राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों में 'दीदी की रसोई' का प्रति थाली न्यूनतम खर्च लगभग 40 रुपए है जिसे सरकार 20 रुपये में उपलब्ध करायेगी। 20 रुपए प्रति थाली की क्षतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा जीविका को उपलब्ध कराई जाएगी।

- राज्य कैबिनेट की बैठक में 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना' को मंजूरी दे दी गई

## हिमाचल एचसी को बम से उड़ाने की धमकी, हुई घेराबंदी





**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इससे राजधानी शिमला समेत पूरे प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। देशभर के न्यायिक परिसरों को इस तरह की धमकी ई-मेल से मिली है। इसके बाद ऐहतियात के तौर पर मंगलवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एहतियातन उच्च न्यायालय भवन की पूरी घेराबंदी कर दी गई। बम निरोधक दस्ते की टीम मौके पर पहुंच चुकी है और पूरे भवन में गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अब तक की तलाशी अभियान में किसी भी तरह की विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई है और स्थिति सामान्य बनी हुई है। हालांकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही हैं।

कोर्ट परिसर में कर्मचारियों और आम लोगों की आवाजाही को सीमित कर दिया गया है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। यह कोई पहली बार नहीं है जब इस तरह की धमकी मिली है। इससे पहले भी करीब दो सप्ताह पूर्व हाई कोर्ट को आत्मघाती बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद एक बड़े स्तर पर तलाशी अभियान चलाया गया था। उस समय भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई थी।

**धमकी**

- हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में तलाशी अभियान जारी, उच्च न्यायालय भवन की पूरी घेराबंदी कर दी गई।

**इंफ्रास्ट्रक्चर**

*सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना।*

## देश के पूंजीगत निवेश का इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश:योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडीचर) में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3% रहने का अनुमान है, जो सभी राज्यों में सबसे अधिक है। दूसरा वर्ष होगा जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूंजी व्यय में टॉप पर रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना। पांच राज्यों में 50% से अधिक पूंजीगत व्यय, यूपी सबसे आगे बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से प्रस्तुत की गई हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष ?8.7 लाख करोड़ था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। इन आंकड़ों में सबसे ऊपर उत्तर प्रदेश का नाम आना इस बात का संकेत है कि राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे। योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेसवे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है।



**निवेश**

- दूसरा वर्ष होगा जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूंजी व्यय में टॉप पर रहेगा

## बछड़े को निकालने के लिए कुएं में उतरे 6 लोगों में तीन की मौत

**गुना।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में स्थित ग्राम धरनावदा में मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे कुएं में जहरीली गैस के रिसाव के कारण तीन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुएं में गिरे बछड़े को निकालने के लिए गांव के 6 लोग उसमें उतरे थे। सूचना मिलने पर पुलिस और राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने तीन लोगों के शव कुएं से निकाल लिए हैं, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो अन्य को कुएं से निकालने की कोशिश की जा रही है।

# मेवात यूनिवर्सिटी: नायाब सरकार गंभीर, डीसी नूंह को केस बनाकर भेजने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली )** : मेवात जिले की दशकों पुरानी यूनिवर्सिटी की मांग को लेकर नायब सरकार गंभीर नजर आ रही है। पिछले महीने ही नायब सैनी सरकार ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को केस वापस भेजकर नांगल मुबारकपुर गांव सहित उचित स्थान का विजिट कर केस बनाकर भेजने के दिशा निर्देश दिए हैं। इसी सप्ताह उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा दलबल के साथ नांगल मुबारकपुर सहित कई स्थानों पर यूनिवर्सिटी के मानकों को ध्यान में रखकर विजिट करने जा रहे हैं। यह जानकारी उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीसी नूंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी सहित जितनी भी लंबित मांगे हैं, उन सभी को लेकर हरियाणा सरकार पूरी तरह से गंभीर है। अधिकतर परियोजनाओं पर रिपोर्ट भेजने के लिए या काम शुरू करने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि गत 16 जून को यूनिवर्सिटी की जगह देखने के लिए उनको दौरा करना था, लेकिन किसी अन्य काम में व्यस्त होने की वजह से पिछले सप्ताह यह विजिट नहीं हो पाई थी। इस सप्ताह यूनिवर्सिटी की जगह देखने के लिए विजिट अवश्य की जाएगी।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पहले यूनिवर्सिटी के केस को फिजीबिलिटी के चलते वापस चंडीगढ़ भेज दिया गया था, लेकिन दोबारा से इस केस में रिपोर्ट तैयार कर भेजने तथा मौके का निरीक्षण करने के दिशा निर्देश सरकार की तरफ से उन्हें प्राप्त हुए हैं। कुल मिलाकर अभी भी नूंह जिले में यूनिवर्सिटी बनने की संभावनाओं पर ब्रेक नहीं लगा है। नूंह जिले के लोग पिछले कई दशकों से जिले में यूनिवर्सिटी की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार ने इसको अमलीजामा नहीं पहनाया। कई महीने पहले चंडीगढ़ के एक आला अधिकारी के बयान पर यूनिवर्सिटी को लेकर मीडिया में खबरें सामने आई थी। लेकिन उसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था परंतु मेवातियों की इस मांग को लेकर एक बार नायब सरकार फिर से विचार कर रही है। उम्मीद यही है कि एक पॉजिटिव रिपोर्ट उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की तरफ से जल्दी ही सरकार को भेजी जाएगी।

सब कुछ ठीक रहा तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार दशकों पुरानी इस मांग को अमलीजामा पहनाकर यहां के लोगों का दिल जीतने का काम कर सकती है। दरअसल नगीना खंड के नांगल मुबारकपुर गांव की ग्राम पंचायत में 100 एकड़ से अधिक भूमि का रेज्यूलेशन यूनिवर्सिटी बनाने के लिए सरकार को भेजा हुआ है।

# अपराधों की रोकथाम ही पुलिस का ध्येय, धर्मनगरी को बनाना है अपराधमुक्त: पुलिस अधीक्षक



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : अपराधों की रोकथाम करना ही पुलिस का मुख्य ध्येय है। धर्मनगरी को अपराधमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिये आम नागरिकों का सहयोग जरुरी है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जुडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना ही पुलिस का मुख्य लक्ष्य है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नशा समाज की जडों को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंस कर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के धन्धें में संलिप्त अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद आजाद उर्फ साकिल, पुत्र मोहम्मद सगीर, निवास मकान नं. ए-63, नाल वाली मस्जिद, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 439/2023, धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना नेब सराय, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आजाद उर्फ साकिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आजाद उर्फ साकिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 439/2023, धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना नेब सराय, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद आजाद उर्फ साकिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निधि सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, ( दक्षिण )**
**DP/7294/SD/2025** **कमरा नं. 212, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

# स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में मेवात नहीं रहेगा पीछे : राव



**नूंह मेवात/(लियाकत अली ): हरियाणा** की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा है कि मेवात को स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में किसी भी सूरत में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ की बदहाल व्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा।
मंगलवार को मेडिकल कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति का 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल समिति के चेयरमैन जाहिद हुसैन की अगुवाई में स्वास्थ्य मंत्री से उनके चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में मिला। प्रतिनिधिमंडल में दीन मोहम्मद मामलिका, मुफ्ती सलीम साकरस, समय सिंह सलंबा, मुबारिक अटेरणा, मुश्ताक धुलावट, समीम धुलावट, साजिद धुलावट, हसन मोहम्मद और नरेश धुलावट समेत कई लोग शामिल रहे।प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को कॉलेज में स्टाफ की भारी कमी, खराब मशीनें, दवाओं की अनुपलब्धता और अव्यवस्थित प्रबंधन जैसी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। इस पर मंत्री आरती राव ने तुरंत कॉलेज निदेशक को सभी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं जल्द ही मेवाती मेडिकल कॉलेज का दौरा करेंगी और मौके पर मौजूद समस्याओं का निरीक्षण करेंगी। उन्होंने कहा कि कॉलेज की खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा ताकि नल्हड़ मेडिकल कॉलेज वास्तव में मेवात की स्वास्थ्य रीढ़ साबित हो सके। प्रतिनिधित्व मंडल से जुड़े लोगों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने स्टाफ, दवाएं व मशीनें सुधार, आदि समस्याओं का जल्द समाधान करने का भरोसा दिलाया हैं।

# साइबर अपराध के खिलाफ महूं गांव में अनोखी पहल

## मोबाइल तोड़कर जागरूकता अभियान को मिली बड़ी सफलता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात/(लियाकत अली ): नूंह** जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और ग्रामीणों ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसका असर अब साफ दिखाई देने लगा है। गत शनिवार 21 जून को महूं गांव में आयोजित एक बड़ी पंचायत में साइबर जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों ने साइबर अपराध में कथित रूप से लिप्त युवाओं के मोबाइल फोन एकत्रित कर सरे आम तोड़ दिए। इस दौरान पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे और ग्रामीणों के इस कदम को जिला पुलिस ने अपनी बड़ी कामयाबी के रूप में पेश किया है। पंचायत में साइबर अपराध से बचाव और पुलिस के साथ सहयोग की अपील की गई, साथ ही अपराध में शामिल लोगों के लिए सामाजिक दंड का प्रावधान भी तय किया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के विशेष निर्देश पर पूरे जिले में साइबर अपराध रोकथाम अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पंचायतों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को साइबर धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। पुलिस के अनुसार जिले में साइबर अपराध के मामले पिछले कुछ समय से बढ़ रहे थे, जिसके मद्देनजर यह अनोखा कदम उठाया गया। महूं गांव की पंचायत में ग्रामीणों ने स्वेच्छा से उन युवाओं के मोबाइल फोन जमा किए, जिनका उपयोग कथित तौर पर साइबर क्राइम में किया जा रहा था। इसके बाद इन फोन को तोड़कर नष्ट कर दिया गया। पुलिस का मानना है कि इस तरह के सामुदायिक प्रयास अपराध पर लगाम लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और अन्य गांवों में भी इसी तरह की पंचायतों का आयोजन किया जाएगा। साइबर जागरूकता शिविर और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग करने की योजना है। इस पहल से न केवल साइबर अपराध में कमी की उम्मीद है, बल्कि ग्रामीणों और पुलिस के बीच आपसी विश्वास भी मजबूत होगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **निखिलेश सिंह उर्फ निक्की, पुत्रः श्री बाबू सिंह उर्फ बाबू लाल, निवासीः** मकान नं. डब्लूजेड-89, गली नं. 12, **शाहपुरा, तिलक नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.13793/2020 U/S 379/411 IPC** के तहत एक मामला **थाना जगतपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **निखिलेश सिंह उर्फ निक्की** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **निखिलेश सिंह उर्फ निक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.13793/2020 U/S 379/411 IPC, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **निखिलेश सिंह उर्फ निक्की** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार सुश्री आयुषी सक्सेना**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05,**
**कमरा नं. 07, द्वितीय तल,**
**शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**
**DP/8082/SHD/2025**
**(अदालती मामला)**

# टूटी हुई सड़क पर लोगों का चलना हुआ मुश्किल



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):** छोटी जड़ौली बड़ी जड़ौली जाने वाली टूटी हुई सड़क पर बने गहरे गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबक बने हुए हैं । यहां के ग्रामीण का कहना है कि यह सड़क पिछले कई सालों से टूटी हुई है और बरसात के दिनों में कि नहीं बल्कि आम दिनों में भी सड़क पर बने गड्ढो में पानी भरा हुआ रहता है। जिसके कारण लोगों का ही सड़क पर से चलना दूभर हो गया है। सड़क पर बने गड्ढो के कारण कई लोग हादसों का भी शिकार हो चुके हैं। इस सड़क पर जाहरवीर गोगा मेढी चौक घरों के पास ही सड़क पर पानी भरा खड़ा है। जिस कारण लोगों को इस गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ता है यहां के गांव वालों अनिल, रोशनी, मोहन सिंह, पवन सिंह, कंवरपाल, नरेंद्र, गुलाब सिंह, किरण आदि का कहना है कि इस सड़क पर बने हुए गहरे गड्ढों में हर समय पानी भरा रहता है ऐसे में यहां संभावित बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है लेकिन विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है काफी समय से वह लोग इस सड़क को बनाने की मांग कर रहे हैं 7 किलोमीटर तक इस सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे बने हुए हैं। कई मोटरसाइकिल चालक तो इन गड्ढों में गिरकर अपने हाथ पैर तक तुड़वा चुके हैं। यह सड़क महमदपुर, बजीदपुर, खराजपुर और कुंजपुरा आदि को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है।

# प्रबंधक थाना साइबर क्राइम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव हेतू आमजन को किया गया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री/(मैनपाल कश्यप):** साइबर जागरूकता अभियान के तहत जिला पुलिस की साइबर थाना टीम द्वारा प्रबंधक थाना साइबर क्राइम करनाल की अध्यक्षता में इन्द्री कस्बा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके दौरान प्रबंधक थाना द्वारा वहां पर उपस्थित सभी लोगों को बताया कि साइबर अपराधी आए दिन स्टाक मार्किट में ज्यादा पैसे कमाने के नाम पर, के.वाई.सी. अपडेट करने के नाम पर, आपके किसी निकटतम पर्चीत का किसी संकट में फंसे होने के नाम पर, पार्सल डिलीवरी के नाम पर या वटसअप पर विडीयो काल कर न्युड विडियो बनाने के माध्यम से और कई बार सिनियर अधिकारी के नाम से डराकर पैसे ऐंठने के नए-2



तरीके अपनाकर आप लोगों की मेहनत से कमाई गई राषि में सेंध लगाते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी अपराधी आप लोगों को ए.पी.के. फाईल या फेक लिंक इत्यादि भेजने के माध्यम से भी साइबर अपराधों को अंजाम देते हैं। प्रबंधक थाना संजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार के साइबर अपराधों से स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक होना अति आवष्यक है। अज्ञात नंबरों से आने वाली विडियो काल को न उठाएं, यदि कोई बैंक कर्मी या कोई कर्मचारी बताकर काल करे तो उसके साथ अपनी किसी भी प्रकार की निजी जानकारी सांझा न करें।
अज्ञात नंबरों से आने वाले लिंक या ए.पी.के. फाईल को ओपन करने से बचें, इसके अलावा आनलाइन इन्वेसटमेंट के माध्यम से पैसे डबल करने या ज्यादा पैसे कमाने के झांसे में न आएं।
उन्होंने कहा कि सोषल मिडिया का प्रयोग भी ध्यान से करना चाहिए, लुभावने प्रलोभनों के पिछे भागने से बचना चाहिए।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद कुमार उर्फ नोनू पुत्र** मोती लाल, **निवासी** झुग्गी नं0 125, टंकी वाली झुग्गियां, विष्णु गार्डन, रघुबीर नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 179/2021, U/S 420/34 IPC, पुलिस स्टेशन आई0पी0 एस्टेट, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार उर्फ नोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार उर्फ नोनू** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 179/2021, U/S 420/34 IPC, पुलिस स्टेशन आई0पी0 एस्टेट, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार उर्फ नोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त प्रविाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.08.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीति**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03 (केन्द्रीय),**
**केन्द्रीय जिला, कमरा नं0-150,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/8274/CD/2025**
**(Court Matter)**


## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** झाँसी-इंजी-जी.एस.यु.-2025-06 **दिनांक:** 21.06.2025

**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट/उत्तर मध्य रेलवे/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम:** झाँसी-मानिकपुर सेक्शन : कंस्ट्रक्शन ऑफ लिमिटेड हाइट सबवे इन लियू ऑफ लेवल क्रॉसिंग नं. 414, 417 & 418 (03 नं.) | **अनुमानित लागत (रू.):** ₹ 223596084.11 |
| **अमानत राशि (रू.):** ₹ 1268000.00 | **निविदा बन्द होने की तिथि: 14.07.2025** |

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।

- निविदा **दिनांक 14.07.2025** को **10:30 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**1077/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नादिर खान उर्फ साहिल खान पुत्र अली अहमद, निवासी सी-4/258, जवाहर लाल नेहरू, मिंटू मार्ग, गुरु नानक अस्पताल, दरियागंज, दिल्ली** ने **FIR No. 9/18, U/S 363 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नादिर खान उर्फ साहिल खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नादिर खान उर्फ साहिल खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 9/18, U/S 363 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नादिर खान उर्फ साहिल खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री नीतिका कपूर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06**
**दक्षिण-पश्चिम जिला, कोर्ट संख्या 514**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/8182/DW/2025(Court Matter)**


## उत्तर रेलवे

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-26-2025 | दिनांक 07.07.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), सांपला (द्वितीय प्रवेश), सांपला (मुख्य प्रवेश), पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर), टोहाना, मुजफ्फरनगर (साइकिल-स्कूटर-कार) = कुल 06 साइटे |
| Parking-27-2025 | दिनांक 09.07.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली (PG Side) = कुल 1 साईट |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 57 इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरपी एस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोडयूल के लिए नामांकित कने में सक्षम होगी। 58 एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 59 भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता 60. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण 61. फण्ड का लियन मार्किंग 62. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 63. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23AC/393/E-Auction/pkg/2025 Dated: 23.06.2025 1888/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स


**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला

# अब कांवड़ समितियों को मिलेगा सीधा फंड, शिविरों में 1200 यूनिट तक फ्री बिजली



**एक्शन इंडिया टीम**
**नई दिल्ली।** सावन के महीने में शुरू होने वाली पवित्र कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली सरकार ने इस बार ऐतिहासिक और भक्तिमय कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए पहली, पंजीकृत कांवड़ समितियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जाएगी और दूसरी, कांवड़ शिविरों में मुफ्त बिजली की सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि यह निर्णय शिवभक्तों की श्रद्धा, सेवा और सुशासन को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अब कोई टेंडर नहीं, कोई ठेका नहीं, केवल पंजीकृत समितियों को सीधे सहायता दी जाएगी। समितियां जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय में आवेदन कर सकती हैं और उनकी समस्याओं का समाधान 72 घंटे के भीतर 'एकल खिड़की प्रणाली' से किया जाएगा। सरकार ने सहायता को चार श्रेणियों में विभाजित किया है। न्यूनतम 50,000 रुपये से लेकर अधिकतम 10 लाख रुपये तक की राशि समितियों को दी जाएगी। 50 प्रतिशत राशि कार्यक्रम से पहले और शेष कार्यक्रम के बाद मिलेगी। समितियों को तीन महीने के भीतर खर्च का विवरण जमा करना होगा, जिसके बाद बाकी की राशि जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पिछली बार केवल 170 समितियों को अनुमति दी गई थी, जबकि इस बार सभी पंजीकृत समितियों को अवसर मिलेगा।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले कांवड़ यात्रा भ्रष्टाचार और अव्यवस्था की शिकार थी, अब यह आस्था और सेवा का प्रतीक बनेगी। सरकार ने शिविरों में 1200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, ट्रैफिक मैनेजमेंट और जाम से निपटने के लिए विशेष तैयारी की है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस को भी सक्रिय भूमिका में रखा गया है। इस धार्मिक उत्सव की निगरानी और समन्वय के लिए 'धार्मिक उत्सव समिति' का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता श्रम मंत्री कपिल मिश्रा करेंगे। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, शिक्षा मंत्री आशीष सूद, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, और विधायक रविंद्र इंद्राज सिंह भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली के लिए ऐतिहासिक दिन, एक ही दिन में 3,400 गड्ढे भरे जा रहे हैं : प्रवेश साहिब सिंह



**एक्शन इंडिया टीम**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने बड़े पैमाने पर गड्ढा मरम्मत अभियान चलाकर एक ही दिन में पीडब्ल्यूडी की 1,400 किलोमीटर की सड़कों पर 3,400 गड्ढे भरने का काम शुरू किया है। उन्होंने इसे सरकार का ऐतिहासिक कदम करार दिया। मंत्री ने सीआर पार्क में सड़क मरम्मत और बुनियादी ढांचे में सुधार कार्य का निरीक्षण करने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज दिल्ली को सुरक्षित, सुंदर और सुगम बनाने के लिए पूरी दिल्ली में एक ऐतिहासिक पहल शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि एक ही दिन में पीडब्ल्यूडी की 1,400 किलोमीटर की सड़कों पर 3,400 गड्ढे भरने का काम शुरू हो चुका है। प्रवेश सिंह ने कहा कि सारे गड्ढों को पीडब्ल्यूडी मानकों के हिसाब से भरा जाएगा। जीपीएस इनेबल्ड वैन इनका रियल टाइम ट्रैकिंग करेगी। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायत और इंजीनियर्स के सर्वे के अनुसार सारे गड्ढों की मैपिंग की है। सारी सड़कों को जोन में बांटा गया है।

सिंह ने बताया कि सभी कार्यकारी इंजीनियरों, मुख्य इंजीनियरों और टीमों सहित पूरा पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों पर है।

3,400 गड्ढे ठीक किए हैं जिनमें से प्रत्येक को जियोटैग किया गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ गड्ढे भरने की मुहिम नहीं। दिल्ली के हर उस नागरिक के चेहरे पर राहत लाने की कोशिश है। जो रोज गड्ढों से जूझता है, जो हर सफर में असुविधा नहीं, सुरक्षा चाहता है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल दिखावे के लिए नहीं है, बल्कि एक स्थायी और पारदर्शी प्रणाली की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि जब काम बिना भ्रष्टाचार के होगा, तो गड्ढ़े बनेंगे ही नहीं।

# मुठभेड़ में ढेर हुआ आरोपित

**मुठभेड़**

**अपराधी रोमिल वोहरा को दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास डेरा मंडी इलाके में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।**

**एक्शन इंडिया टीम**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी रोमिल वोहरा को दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास डेरा मंडी इलाके में मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। रोमिल ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। इस दौरान दो पुलिसकर्मी और रोमिल घायल हो गए। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला है कि आरोपित रोमिल वोहरा पिछले दो महीने में, हरियाणा में लगातार हो रहे निर्मम हत्याकांडों में वांछित चल रहा था। इसके अलावा कुरुक्षेत्र में सनसनीखेज शान्तनु हत्याकांड तथा यमुनानगर में एक जघन्य तिहरे हत्याकांड में भी आरोपित शामिल था। मारा गया रोमिल दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज एक आर्म्स एक्ट के मुकदमे में भी वांछित था। उसके ऊपर हरियाणा राज्य से, 3,10,000 रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के मुताबिक स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट को हरियाणा पुलिस से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुख्यात अपराधी रोमिल वोहरा दिल्ली की सीमा में मौजूद है। इसके देर रात को दिल्ली-हरियाणा बॉर्डर के पास डेरा मंडी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। मुखबिर द्वारा रोमिल की पहचान की गई। पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया।

# गुल्लक से पैसे निकालने के विवाद में पति ने दी जान



**एक्शन इंडिया टीम**
**नई दिल्ली।** गुल्लक से पैसे निकालने को लेकर हुए विवाद में पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची। नरेला थाना पुलिस ने युवक का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मृतक की पत्नी समेत पिता और भाईयों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है। जानकारी के मुताबिक 28 वर्षीय हेमंत अपने पिता, तीन भाई, पत्नी और दो बच्चों के साथ नरेला स्थित विशाल एन्क्लेव में रहता था। भोरगढ़ स्थित फैक्ट्रियों में डस्टिंग का काम करते थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक हेमंत की पत्नी ने एक गुल्लक में करीब 22 हजार रुपये जमा किया हुआ था। जरूरत पड़ने पर हेमंत ने कुछ दिन पहले गुल्लक से पैसे निकालकर खर्च दिए। पत्नी को इसकी जानकारी होने पर हेमंत से रकम को लेकर पूछताछ की। जिसपर पत्नी और हेमंत के बीच विवाद होने लगा। बताया जा रहा है कि पत्नी की शिकायत पर हेमंत के पिता ने हेमंत को काफी डांटा। जिसको लेकर हेमंत काफी नाराज चल रहा था। मंगलवार की सुबह हेमंत ने भाईयों को जल्द काम पर जाने के लिए कहा। खुद एक कमरे में जाकर अंदर से कमरे का गेट बंद कर लिया। फिर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस पूरे मामले में पुलिस अधिकारी का कहना है कि मृतक की पत्नी और पिता से पूछताछ की जा रही है। शुरूआती जांच में घरेलू विवाद में आत्महत्या करने की बात सामने आई है।

# बस की धुलाई करवाने गए चालक पर चढ़ी बस, मौत

**एक्शन इंडिया टीम**
**नई दिल्ली।** समयपुर बादली थाना क्षेत्र में सर्विस स्टेशन पर धुलाई के लिए आई एक बस अचानक से चल पड़ी। जिसकी चपेट में बस चालक आ गया, गंभीर रुप से घायल चालक को पास के ही अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त खेराकलां गांव निवासी विक्की के रूप में हुई है। पुलिस लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से भी आरोपितों का पता लगाने में जुटी हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि 21 जून को समयपुर बादली थाना पुलिस को देर रात 11:30 बजे खेराकलां स्थित ओम धर्मकांटा के पास सर्विस स्टेशन के पास एक शख्स के बस के चपेट में आने से घायल होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता प्रवीण मिला। जिसने बताया कि बस के चपेट में आकर घायल चालक को लोग पास के अस्पताल में लेकर गए हैं। पुलिस वहां से सीधे हरिशचंद अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर पुलिस ने छानबीन की। शिकायतकर्ता प्रवीण ने पुलिस को बताया कि वह ओम धर्मकांटा के ट्रक पार्किंग में सर्विस सेंटर चलाता है।



# 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए 'विकसित हरियाणा'

- कार्यकर्ता पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनें और लोगों के साथ मन की बात करें : नायब सिंह सैनी
- पीएम मोदी के लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम को लेकर पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कार्यशाला को किया संबोधित





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हरियाणा को विकसित राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकसित होगा तो देश विकसित होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम को लेकर हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर 100 प्रतिशत पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनें और लोगों के साथ मन की बात भी करें। कार्यशाला को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पीएम मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम बताया। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सूरेंद्र पूनिया ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम से पहले मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री ने पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ हैं। कार्यकताओं की मेहनत और परिश्रम के कारण ही केंद्र और हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता सभी बूथों पर 100 प्रतिशत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनना सुनिश्चित करें। श्री सैनी ने कहा कि ''मन की बात'' कार्यक्रम राजनीति से ऊपर उठकर है। मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज व देश के लिए अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। सीएम सैनी ने कहा कि पीएम मोदी की अगुवाई में देश विकास के रास्तों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विदेशों में नए और सशक्त भारत की पहचान बनी है। हम विश्वगुरु बनाने के राह पर अग्रसर हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड नहीं बनें हैं उनका कार्यकर्ता आयुष्मान कार्ड बनवाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता स्वयं भी पौधे लगाएं और दूसरे लोगों को भी एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। कार्यकताओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा हर बूथ पर लोगों को मोदी और हरियाणा भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएं और योजनाओं से लोगों को अवगत कराएं।

## ''मन की बात'' कार्यक्रम सेवा, प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करता है : मोहन लाल बड़ौली

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनमानस से आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सेवा, प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करता है। कार्यशाला में श्री बड़ौली ने अच्छा काम करने वाले कार्यकताओं की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि पिछली बार 17 हजार 663 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना और अपलोड किया गया। इस बार कार्यकर्ता 20 हजार 629 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुनें और अपलोड कर हरियाणा को नंबर-1 बनाएं।
श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भाजपा हर जिले में कार्यक्रम कर लोगों को कांग्रेस के काले अध्याय के बारे में बताने का काम करेगी। उन्होंने कार्यशाला में आए सभी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और स्वच्छ पर्यावरण बनाने के लिए कार्य करें। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने भी कार्यशाला में आए सभी कार्यकताओं से संवाद किया और कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता 100 प्रतिशत बूथों पर पीएम मोदी के कार्यक्रम मन की बात सुनें और एक पेड़ मां के नाम लगाए। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश आईटी प्रमुख एवं मन की बात प्रदेश टोली सदस्य आदित्य चावला, मन की बात प्रदेश टोली सदस्य भारत भूषण जुयाल, मन की बात प्रदेश टोली सदस्य मनोज ढाना, मन की बात प्रदेश टोली सदस्य नरेंद्र भारती, मन की बात की प्रदेश टोली, लोकसभा संयोजक, जिला संयोजक - सह संयोजक, मंडल संयोजक, प्रदेश आईटी टोली और जिला आईटी प्रमुख शामिल हुए।

# प्रसिद्ध कालेश्वर तीर्थ हुआ जल मग्न

**जलभराव**

- प्रशासन के दावों की खुली पोल, चंद बारिश की बूंदो से नदी में तब्दील हुआ पूरा क्षेत्र



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : मानसून से पहले की बारिश ने प्रशासन के दावों की पोल खोलने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने जहां एक ओ नगरवासियों को भारी गर्मी से राहत दिलवाने का काम किया है वहीं जगह-जगह जल ठहराव ने आम जनमानस की मुसीबत बढ़ाने का काम भी किया है। बारिश के कारण नगर के विभिन्न क्षेत्रों में गलियां,सड़कें तो जलमग्न हुए ही,इसके साथ ही जिंदल पार्क के समीप स्थित प्रसिद्ध कालेश्वर मंदिर भी पानी में डूब गया। बारिश के खड़े पानी की हालत ऐसी थी कि वह मंदिर के भीतर प्रवेश कर गया और मंदिर में बनी मूर्तियां और शिवलिंग भी पानी में डूब गए।
यह मंदिर वार्ड नंबर 32 की शिव कॉलोनी में पड़ता है। इस मंदिर में नगरवासियों की बहुत गहरी आस्था है लेकिन बारिश में डूबे मंदिर को देखकर उनकी श्रद्धा को ठेस पहुंची है । ऐसा नहीं है कि प्रशासनिक अधिकारियों को इस स्थिति के बारे में कोई ज्ञान नहीं है लेकिन समस्या के समाधान के लिए संसाधन के साथ-साथ इच्छाशक्ति का होना भी तो जरूरी है जो शायद प्रशासनिक अधिकारियों में दिखाई नहीं पड़ती।
भगवान के इस काम के लिए वो थोड़ा सा प्रयास करें तो उनके कार्यों को सफलता तो स्वयं भगवान शिव ही दे देंगे लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए वो कुछ इच्छाशक्ति तो दिखाएं।

# निगमायुक्त ने जन शिकायतों को लेकर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में जन शिकायतों के समाधान को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर समस्या का समाधान संभव है, बशर्ते कि उसे सही प्रक्रिया और समर्पण के साथ सुलझाया जाए। बैठक में जीएमडीए आईसीसीसी, पीएम विंडो, सीएम विंडो, समीर पोर्टल, एसएमजीटी, स्वच्छ सिटी पोर्टल सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की गई। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम को जनता की समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी मिली है, जिसे बिना किसी लापरवाही के निभाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन शिकायतों का समाधान हो चुका है, उनकी जानकारी संबंधित पोर्टल पर तत्काल अपडेट की जाए। इससे न केवल पारदर्शिता बनी रहेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी निगम प्रशासन पर और मजबूत होगा। इस कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी संयुक्त आयुक्त और चीफ इंजीनियर को सौंपी गई है।
बैठक में निगमायुक्त ने शहर की सडकों, फुटपाथों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश भी दिए।

# खंडहर मकान में मिला युवक का शव, परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने की उठाई मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** गांव खेड़की में एक खंडहर से सड़ी-गली हालात में शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बदबू आने पर पुलिस को इसकी सूचना दी। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव डोहर कला निवासी 27 वर्षीय नीरज उर्फ सोनू के रूप में हुई हैं। मृतक काफी दिनों से घर से लापता था तथा परिजनों द्वारा गहली पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई हुई थी।
मृतक की माता ने पुलिस से बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाने की मांग की हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव खेड़की में एक खंडहर में सोमवार की देर शाम सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने खंडहर के अंदर जाकर देखा तो वहां एक शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 नंबर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही महेंद्रगढ़ सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वही नारनौल से फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। घटनास्थल पर बारीकी से साक्ष्य जुटाए गए। थाना प्रभारी मुकेश कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। यह मकान काफी दिनों से बंद पड़ा था। जब ग्रामीणों ने मकान के अंदर से बदबू आने लगी तब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शव के पास एक मोबाइल फोन और छत पर लटकती एक रस्सी भी मिली, जो शव से अलग थी।

# पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए करें वृक्षारोपण:डा. बत्तरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : समाजसेवी एवं सीनियर सिटीजन फोरम ताऊ देवी लाल पार्क के सदस्य डा. डीपी बत्तरा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इन पौधों की बकायदा देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस ताऊ देवीलाल पार्क में बारिश के सीजन के पहले दिन चांदनी के पौधे लगाए गए है। समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा मंगलवार को सुबह ताऊ देवी लाल पार्क में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा, मास्टर बिशन सिंह, समाजसेवी श्याम सुदंर शर्मा व समाजसेवी मेवा सिंह ने ताऊ देवी लाल पार्क में अलग-अलग जगहों पर चांदनी के पौधे लगाए। इससे पहले भी ताऊ देवी लाल पार्क में नीम, पीपल, रात की रानी व अन्य किस्मों के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज बदलते दौर में वातावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। इसलिए ऐसे समय में प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व बनता है कि लगातार बढ़ते हुए प्रदूषण को रोका जाए। डा. डीपी बत्तरा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मानसून के सीजन में अधिक से अधिक पौधे लगााने चाहिए। इन पौधों को लगाने के साथ-साथ देखभाल करने की भी जिम्मेवारी तय करनी चाहिए। जब तक पौधों का पालन पोषण नहीं होता तब तक पौधा रोपण जैसे कार्यक्रमों को सफल नहीं माना जाता। समाजसेवी श्याम सुदंर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन लगातार पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के विषय को जहन में रखकर लोगों को पौधा रोपण करने के प्रति जागरूक कर रहा है। इस मुहिम में सभी को अपना योगदान देना चाहिए।

# सोनीपत में 30 जून तक भारी बारिश का अंदेशा- उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए बताया कि मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए मौसम विभाग के आकंडों के आधार पर सोनीपत में 30 जून तक बिजली गरजन के साथ-साथ भारी बारिश की आशंका है। कृषि मौसम विभाग के द्वार हरियाणा में एडवाइजारी जारी करते हुए बताया गया है कि भारी बारिश के कारण फसलों को नुकसान हो सकते है। जिस से बचने के लिए किसानों को सलाह दी गई कि वो कपास को नुकसान से बचाने के लिए स्थिर पानी को तुरंत हटा दें। उन्होंने बताया कि कपास अपनी प्रारंभिक वृद्धि अवस्था के दौरान जल ठहराव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है। जिससे फसल को गंभीर नुकसान होता है। ऐसे ही गन्ना, चावल, खरीफ मक्का, खीरा व अन्य फसलों पर सिंचाई/उर्वरक/रासायनिक छिड़काव न करें। खेत में उचित जल निकासी बनाए रखें और बारिश के तुरंत बाद रूके हुए वर्षा के जल को हटा दें। उपायुक्त ने जिलावासियों को भारी बारिश के दौरान घर पर ही रहने का आह्वान किया। समय-समय पर अधिक जानकारी के लिए जिला सूचना एवं जन सम्पर्क सोनीपत व डीसी सोनीपत के सोशल मीडिया हैन्ड़ल से जुडे रहें।

# कुरुक्षेत्र की टीम ने हॉकी प्रतियोगिता में जीता कांस्य



- खिलाडियों का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर किया शानदार स्वागत, हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह, सोहन लाल व नरेन्द्र ठाकुर ने टीम को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : हॉकी हरियाणा की तरफ से नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हॉकी टीम ने सोनीपत की टीम को 3-0 से पराजित करके कांस्य पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने खिलाडियों के साथ-साथ प्रशिक्षक सोहन लाल, नरेन्द्र ठाकुर व साहिल को बधाई व शुभकामनाएं दी है। हॉकी कुरुक्षेत्र के प्रधान विकासदीप संधू व सचिव गुरविन्द्र सिंह ने खिलाडियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र हॉकी की सब जूनियर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह टीम सेमिफाइनल में कैथल की टीम से हारी थी। इस हार के बाद कुरुक्षेत्र की टीम ने सोनीपत की टीम को शूटआउट समय में 3-0 से पराजित किया। हालांकि दोनों टीमें निर्धारित समय में एक-एक गोल से बराबर रही थी। इस प्रकार कुरुक्षेत्र की टीम को शूट आउट में 3-0 से जीत हासिल हुई।
हॉकी कोच सोहन लाल, हॉकी कोच नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हॉकी कुरुक्षेत्र की तरफ से 19 जून से 23 जून तक नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की टीम के खिलाड़ी अमितोज सिंह,सहजदीप सिंह संजय,आर्यन, ब्रिजेश प्रसाद, सुमित, विश्वजीत, वासू राणा, मोहित झुंझार, साहिल, निखिल, शुभंम, अनिकेत,आदित्य,खुश, दिपांशु राठी,गर्ग गिल,जश्न रमन खिलाडियों ने अलग-अलग मैचों में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र की टीम को कांस्य पदक जीताने का काम किया। कुरुक्षेत्र की टीम का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत किया गया।

# सभी मनोकामना सिद्धि के लिए 26 जून से होगा आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। हर साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। आमतौर पर चैत्र और और आश्विन मास में आने वाले नवरात्रि को तो सब जानते है। परंतु इनके अतिरिक्त भी विशेष कामनाओं की सिद्धि के लिए आषाढ़ और माघ माह के नवरात्रि होते हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि बोला जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि इस बार आषाढ़ माह के गुप्त नवरात्रि का प्रारंभ 26 जून से होंगे। इसके बाद चार जुलाई शुक्रवार भड़लिया नवमी को इनका समापन होगा। उन्होंने बताया इन नवरात्रों के दौरान मां दुर्गा के 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, षोडशी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा विधिवत रूप से पूजा व आराधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि में पूजा को गुप्त रखा जाता है, यानी किसी बताया नही जाता है। साधना जितनी गुप्त होती है उसका फल उतना ही फलदाई मिलता है। मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के साधनाकाल जप, तप, अनुष्ठान, साधना पूर्ण विधि से गुप्त तरीके से करने से जीवन में आ रही, सभी बाधा दूर हो जाती है और यंत्र, मंत्र, तंत्र की सभी बंदिसे कट जाती है। ये रहेगा नवरात्र में कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए कलश स्थापना की जाती है। घटस्थापना का शुभ समय सुबह 8:59 बजे से सुबह 10:50 बजे तक रहेगा।

# मानसून से पूर्व बरसात ने खोली प्रशासन की पोल, हुआ जलभराव



**एक्शन इंडिया टीम**
**अनिल वर्मा**
**थानेसर** : अभी सावन शुरू भी नहीं हुआ है और सावन से पहले की बरसात ने ही नगर की गलियों और सड़कों को तर- बतर करना शुरू कर दिया है। मंगलवार की सुबह-सुबह हुई झमाझम बारिश ने नगर की गलियों और सड़कों पर ऐसा पानी इकट्ठा किया कि नगरवासियों के लिए समस्या का कारण बन गया। नगर के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा झांसा रोड स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ भद्रकाली मंदिर से सरस्वती पुल की तरफ जाते हुए गुरुद्वारा नवमी पातशाही के सामने और राजपूत कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी,कुबेर कॉलोनी के समीप इतना पानी इकट्ठा हो जाता है जो इस क्षेत्र के सभी दुकानदार और कॉलोनीवासियों की पीड़ा का मुख्य कारण बन जाता है। वार्ड एक के राजपूत कॉलोनी निवासी मोहनलाल, ताराचंद, अशोक चंद और हैप्पी ने बताया कि जब से यहां नई सड़क का निर्माण हुआ है तब से ही थोड़ी- सी बारिश होते ही यहां पानी इकट्ठा हो जाता है अगर मूसलाधार बारिश हो जाए तो फिर तो सड़क पर डिवाइडर भी दिखना बंद हो जाता है,जो इस सड़क पर आने- जाने वाले वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का भय पैदा करता है । उन्होंने बताया कि इससे पहले जब यह सड़क ऊंची थी तब पानी इकट्ठा होने की यह समस्या नहीं थी लेकिन सड़क को नीचा करके बनाने के कारण बारिश का पानी अपने आप नाले में ना जाकर सड़क पर ही इकट्ठा रहता है जिस कारण यहां के दुकानदारों और कॉलोनीवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है । इसके कारण सड़क के दोनों और के दुकानदारों की बिक्री प्रभावित होती है जिससे उनको मानसिक के साथ-साथ आर्थिक हानि भी सहन करनी पड़ती है ।
पानी इकट्ठा होने की इस समस्या के समाधान के लिए वार्ड नंबर 1 के पार्षद गौरव भट्ट से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए वह संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और जल्दी से जल्दी पानी की निकासी का स्थाई समाधान करवाने का प्रयास करेंगे । इसके अतिरिक्त इस सड़क पर बने गड्ढों को भी ठीक करवाने का प्रयास करेंगे। अब देखना यह है कि इन समस्याओं का समाधान कब तक होता है और दुकानदारों और कॉलोनीवासियों को कब राहत मिलती है ?

# सामूहिक स्वच्छता को अपनाएं, गंदगी को दूर भगाएं: कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र

**कार्यशाला**

**स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें तथा वार्ड व गांव स्तर पर कमेटियां बनाएं, जिनमें स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, एनएसएस, एनजीओ, धार्मिक संतों, भूतपूर्व सैनिकों, खिलाडियों, कलाकारों व जनप्रतिनिधियों को शामिल करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व स्वच्छ जल की मुहिम शुरू करें। वे मंगलवार को जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियों व पंचायत सचिवों को कार्यशाला में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यशाला में जिला को स्वच्छ रखने बारे विस्तार से जानकारी दी। बैठक उपरांत उन्होंने ओल्ड कैम्प ऑफिस में नगर निगम के सफाई निरीक्षकों के साथ बातचीत की व उन्हें सम्बोधित किया।
उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह दूसरे चरण का अभियान है। जो 22 जिलों में एक जून से 21 जून तक चलाया गया इसके परिणाम हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पानीपत छोटा जिला है। स्वच्छता के मामले में हम इसे अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छा व प्रेरणादायी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जनआंदोलन का विषय है। इसमें एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों को भी शामिल करके इसे और बेहतर बनाने के प्रयास करने होंगे व सफाई कर्मचारियों की भी एक कार्यशाला महीने में खण्ड स्तर पर आयोजित करनी होगी ताकि वे प्रेरणा पाकर कार्य के प्रति और गम्भीरता दिखाएं।
उन्होंने संकल्प लेने का भी आह्द्वान किया व कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को बिल्कुल भी इस्तेमाल नही करेंगे। इसके लिए उन्होंने सभी को इसमें रूचि लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर 11 से 21 व्यक्तियों की कमेटी बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में कितने कचरा सेड अब तक बनाए गए हैं इसकी भी जानकारी ग्राम सचिवों से ली। उन्होंने ग्राम सचिवों से सभी तालाबों का रख-रखाव करने व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट का भी ध्यान देने का आह्द्वान किया।
कार्यशाला में वाइस चेयरमैन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर सभी देशवासियों ने वर्ष 2014 से देश को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने हाथों में झाड़ू लेकर श्रमदान करके देशवासियों को स्वच्छता की इस मुहिम से जुडने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के इस अभियान को हरियाणा प्रदेश में शुरू करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने भी श्रमदान करके नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया है।
परिणामस्वरूप हरियाणा प्रदेश ने दो बार देश में स्वच्छता के नंबर-वन पायदान पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा कि जहां पर स्वच्छता होती है, वहां पर प्रगति आती है क्योंकि स्वच्छता प्रगति व विकास का प्रतीक है, जबकि गंदगी दरिद्रता, आलस्य व बीमारी लाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता तथा स्वास्थ्य का सीधा संबंध होता है। अगर हमारे घर के साथ- साथ हमारा गली-मोहल्ला, गांव-शहर, प्रदेश व देश स्वच्छ रहेगा तो हम सभी नागरिक भी स्वस्थ रहेंगे तथा अपने समाज व देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# दो दोस्त अमेरिका में जिंदा जले, तेज रफ्तार जगुआर कार ट्रक से टकराई

**हादसा**

**हादसा सोमवार की रात हुआ। इस घटना के बारे में परिजनों को अब पता चला।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुए सडक हादसे में हरियाणा के दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब दोनों युवक अपनी जगुआर कार से घूमने जा रहे थे। कार की रफ्तार तेज थी, जो बेकाबू होकर पलट गई। फिर पलटी खाते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई। ट्रक से टक्कर लगते ही कार में आग लग गई, जिसमें दोनों युवक जिंदा जल गए।
भारतीय समय के अनुसार हादसा सोमवार की रात हुआ। इस घटना के बारे में परिजनों को अब पता चला। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें ट्रक से टकराने के बाद कार जलती हुई दिख रही है। दोनों मृतकों में से एक युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। युवक करनाल और कैथल के रहने वाले हैं। दोनों अपनी जमीनें बेचकर अमेरिका गए थे।
जानकारी के मुताबिक कैथल के पुंडरी क्षेत्र के गांव सिरसल का 24 वर्षीय अरुण जांगड़ा उर्फ रोमी दो साल पहले टूरिस्ट वीजा पर कनाडा गया था। हालांकि बाद में वह कनाडा से अमेरिका शिफ्ट हो गया, जहां वह ट्रक चलाने लगा। वहां उसकी दोस्ती करनाल के कोयर गांव के रहने वाले 22 वर्षीय विशाल से हुई। विशाल की एक बहन भी है।
युवक के परिजनों के मुताबिक सोमवार रात को दोनों कार से घूमने निकले थे। उनकी कार की स्पीड तेज थी। इस वजह से रास्ते में उनकी कार बेकाबू हो गई। वह सडक पर ही पलट गई और पलटियां खाते हुए सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर लगते ही कार में आग लग गई। दोनों युवक अंदर ही फंस गए। कार में आग लगने की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड भी आ गई। उन्होंने तुरंत कार में लगी आग बुझाई और दोनों युवकों का अंदर से निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में पहचान होने पर दोनों युवकों के परिवारों को जानकारी दी गई।

# पहली बारिश में उचाना गांव का रास्ता बंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के उचाना गांव में पहली ही बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। गांव में जाने वाला मुख्य रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। नहरी विभाग की जेसीबी मौके पर खुदाई करती नजर आई, जिससे लोगों की उम्मीदों को झटका लगा। ये रास्ता सिर्फ उचाना गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के दो-तीन गांवों के लोगों के लिए भी बहुत जरूरी है। ग्रामीणों ने कई सालों से इस रास्ते की मांग की थी। प्रशासन ने निर्देश भी दिए थे, लेकिन अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ।
गांव वालों का कहना है कि पहले वे नहर के किनारे बने कच्चे रास्ते से गांव आते-जाते थे। लेकिन सरकार ने अभी तक इस रास्ते को मंजूरी नहीं दी। अब लोग मजबूरी में झंझाडी गांव होकर घूमकर आते हैं, जिसमें उन्हें रॉन्ग साइड से गुजरना पड़ता है। इस वजह से अब तक 4 से 6 लोग हादसों में जान गंवा चुके हैं। फिर भी सरकार और प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहे।
ग्रामीण रमेश, पवनदीप, विनोद व अन्य का कहना है कि चुनाव के समय नेता वादे करते हैं, लेकिन बाद में कोई हाल नहीं पूछता। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस रास्ते को पास भी करवा दिया था और कुछ काम शुरू भी हुआ था, लेकिन एनएचएआई बीच में आ गया। अधिकारियों ने कहा कि यहां सर्विस रोड बनेगी। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया, लेकिन तब एनएचएआई ने तीन महीने में रास्ता बनवाने का भरोसा दिया। अब एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन न कोई काम हुआ, न ही कोई जवाब मिला। जब समस्या बढ़ी तो विधायक ने नहरी विभाग के अधिकारियों को रास्ता बनवाने के निर्देश दिए। एसडीओ मौके पर जेसीबी लेकर पहुंचे और काम शुरू भी करवाया गया। लेकिन अगले ही दिन अचानक एसडीओ ने काम बंद करवा दिया और रास्ता दोबारा बंद कर दिया गया। अब गांव के लोग समझ नहीं पा रहे कि आखिर काम क्यों रोका गया। पूरा गांव अब असमंजस में है।

# संविधान हत्या दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) एसडी पीजी कॉलेज के सभागार में** 25 जून को बाद दोपहर 4 बजे संविधान हत्या दिवस पर एक जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया जाएगो इस गोष्ठी के मुख्य वक्ता हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री कँवर पाल गुर्जर होंगे जबकि सोनीपत के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा विशेष वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे` कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट करेंगे` कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं इस अवसर पर जिला के भाजपा के सभी नेता ट कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे `यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम की संयोजक पूर्व मेयर अवनीत कौर ने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने लाखों कुर्बानियां देकर देश को आजाद करवाया था लेकिन निजी स्वार्थों के चलते कांग्रेस की सरकार ने लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हुए देश को 25 जून 1975 को आपातकाल के अँधेरे में डाल दिया था

# सरकारी गोदाम पर डीएफएससी का छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पिछले कुछ समय से सरकारी गोदामों में खराब या कम वजन वाला गेहूं मिलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। नया मामला करनाल के कुंजपुरा क्षेत्र से सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि गोदाम में जो गेहूं भरा गया है, वह तय मानकों से कम वजन का है। शिकायत मिलते ही डीएफएससी विभाग एक्टिव हुआ और 6 सदस्यीय जांच टीम गठित की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। गोदाम में रेंडम तरीके से कट्टों को चेक किया जा रहा है और वजन किया जा रहा है। शिकायतकर्ता विकास शर्मा ने डीएफएससी करनाल को शिकायत सौंपी थी कि कुंजपुरा स्थित गोदाम में जो गेहूं भरा गया है, वह 2025-26 सीजन का है और हर बैग का वजन 50 किलो होना चाहिए। लेकिन कई कट्टों में 25 से 30 किलो वजन के कट्टे रखे गए हैं। इस शिकायत को गंभीर मानते हुए डीएफएससी अनिल कुमार ने तुरंत छह सदस्यीय टीम बनाई और जांच के आदेश दिए।
जांच टीम का नेतृत्व कर रहे एएफएसओ सुभाष ने बताया कि कुंजपुरा केंद्र पर गेहूं में कम वजन की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसी के तहत वह मौके पर पहुंचे हैं और जांच प्रक्रिया शुरू की गई है। रेंडम तरीके से कट्टों को निकाला जा रहा है और वजन किया जा रहा है, ताकि कट्टों में वजन की वास्तविकता के बारे में पता चल सके।
करनाल के डीएफएससी अनिल कुमार ने बताया कि शिकायत विकास शर्मा की तरफ से आई थी, जिसमें गेहूं के कम वजन की बात कही गई थी। जांच के लिए एएफएसओ की अध्यक्षता में टीम बनाई गई है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 वर्षीय नाबालिगा लापता, पुलिस ने दर्ज किया केस

**रादौर, 24 जून (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। जठलाना पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी बेटी 23 जून को दोपहर करीब 12:30 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई और इसके बाद लौटकर नहीं आई। रिश्तेदारी और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिगा की तलाश शुरू कर दी है।

### डेंगू से बचाव के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक उपाय: डॉ. ललित सैनी



**रादौर (कुलदीप सैनी) :** बारिश के मौसम में डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसको लेकर आयुष मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ललित सैनी ने नागरिकों से आयुर्वेदिक उपाय अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में वात व कफ दोष बढ़ते हैं, जिससे प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है।
डॉ. सैनी ने बताया कि घर व आसपास पानी जमा न होने दें, गिलोय का काढ़ा, तुलसी व नीम का प्रयोग करें। तिल के तेल से अभ्यंग (तेल मालिश) करें और धूप लें। संतुलित आहार जैसे पपीता, अनार व नारियल पानी का सेवन प्लेटलेट्स को स्थिर रखता है। साथ ही, योग व प्राणायाम जैसे अनुलोम-विलोम और सूर्य नमस्कार को दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने रासायनिक उत्पादों की बजाय नीम, तुलसी और लेमन ग्रास से बने आयुर्वेदिक रिपेलेंट के उपयोग की सलाह दी। डॉ. सैनी ने कहा कि हर जिले में सरकारी आयुर्वेदिक चिकित्सक उपलब्ध हैं, जिनसे परामर्श लिया जा सकता है।

### रक्तदान शिविर में नशा न करने को किया जागरूक*

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** नशे के खिलाफ चलाए नशा मुक्त भारत पखवाडा अभियान के तहत मंगलवार को समालखा में फ्लाई ओवर पूल के नीचे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने इस दौरान आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और नशा न करने की शपथ दिलाई।
जिला में नशा मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने बताया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बहुत ही गलत प्रभाव पड़ता है। नशे का आदि होना आसान है, लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशे के कारण व्यक्ति का सामाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है, जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदि हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नई शुरूआत करना मुश्किल होता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं।
उन्होंने ?आह्वाना कि सभी नशा छोड़ने के लिए संकल्प लें और समाज का प्रत्येक नागरिक नशा मुक्त समाज बनाने में अग्रणी भूमिका अदा करें।
हरियाणा पुलिस द्वारा प्रदेश में 12 से 26 जून तक नशे के खिलाफ ह्लनशा मुक्त भारत पखवाड़ाह्व अभियान शुरू किया गया है।

# आपातकाल को "संविधान हत्या दिवस" के रूप में मनाएगी भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला: 24 जून:मैनपाल**
1975 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा आज "संविधान हत्या दिवस" के रूप में मना रही है। पंचकूला स्थित भाजपा मुख्यालय 'पंचकमल' के अटल सभागार में आज शाम 4 बजे आपातकाल पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, नगर महापौर कुलभूषण गोयल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता भाग लेंगे। जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने बताया, 25 जून को देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला दिवस के रूप में जाना जाता है।
तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर जबरिया आपातकाल थोप कर लोकतंत्र का गला घोटने का कुकृत्य किया था। आपातकाल के दौरान जनता की अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली गयी थी, आपातकाल के विरोध में उठने वाली हर आवाज को निर्ममता से दबा कर नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया था।
अजय मित्तल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया, आज आयोजित होने वाली संगोष्ठी में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा साथ ही आपातकाल पर आधारित जिला स्तरीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# नशा के करीब 60-65 गांवों को हॉटस्पॉट किया गया चिन्हित :एडीसी

**निर्देश**

**किसी भी प्रकार के नशे से हमारे स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी होना जरूरी है।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिला की युवा पीढ़ी को ड्रग्स या तंबाकू आदि किसी भी प्रकार के नशे से बचाने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि युवाओं को धूम्रपान, ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के नशे से हमारे स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी होना जरूरी है। युवाओं को बताना आवश्यक है कि शौकिया तौर पर शुरू किया गया धूम्रपान या अन्य किसी प्रकार का नशा जीवन भर की लत बन जाता है, जिसे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। जिलेभर में करीब 60 - 65 हॉटस्पॉट गांव की सूची बनाई है, जिनमें चारों तरफ से नशा रोकने के लिए प्रहार किया जाएगा। इसमें आमजन का सहयोग जरूरी है।
उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी हमारे देश का भविष्य है। युवा पीढ़ी को धूम्रपान या ड्रग आदि किसी भी प्रकार के नशे से बचाना बहुत जरूरी है। जागरूकता से ही युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का एक विजन है कि प्रदेश को ड्रग्स फ्री और युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। इसी के चलते जिले में विशेष कर विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए एक रूपरेखा तैयार की गई है। प्रदीप सिंह ने कहा कि नशे से दूर रहने को लेकर युवाओं में जागरूकता के लिए बाकायदा शिक्षकों को रिसोर्स पर्सन के रूप में तैयार किया जाएगा, जिनकी सूची शिक्षा विभाग द्वारा लगभग तैयार कर ली गई है। इन रिसोर्स पर्सन को भी स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग और डी एडिक्शन केंद्र आदि से विशेषज्ञ द्वारा जानकारी का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।
उल्लेखनीय है कि हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने और युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से बचाने के सपने को साकार करने के लिए लोगों की जागरूकता हेतू हाल ही में प्रदेशभर में साइक्लोथॉन यात्रा भी निकाली गई थी, जिसको स्वयं मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस यात्रा के माध्यम से विशेष कर युवाओं के साथ-साथ आमजन से हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए आह्वान किया गया। इसी बीच अतिरिक्त उपायुक्त ने विशेष कर युवा पीढ़ी को तंबाकू और ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के सेवन से दूर रहने के प्रति जागरूकता को लेकर एक विशेष अभियान शुरू किया है।

# भाकिसं ने बैठक में युवा पीढ़ी को जहर मुक्त खेती के लिए किया प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 जून (कुलदीप सैनी)** : भारतीय किसान संघ की एक बैठक मंगलवार को गांव भगवानपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश राणा ने की। बैठक में किसानों की समस्याओं, जागरूकता और संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर संघ के संभाग संगठन मंत्री विजय गौड़ ने संगठन की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय किसान संघ का उद्देश्य किसानों को संगठित करना और उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जब तक किसान जागरूक और संगठित नहीं होगा, तब तक उसकी आवाज प्रभावी ढंग से नहीं सुनी जाएगी। जिलाध्यक्ष सुरेश राणा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में किसान संघ से जुड़ें और जहर मुक्त खेती को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को प्राकृतिक और टिकाऊ खेती की ओर लौटने की जरूरत है। बैठक में मनोज सैनी, गांव बकाना से संघ से जुड़े और उन्हें रादौर खंड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, हरमजीत सिंह को जिला युवा प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरिंदरपाल सिंह, पिंटू राणा, बनवारी लाल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

# नहर में युवक ने लगाई छलांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में उचानी के पास पश्चिमी यमुना नहर में एक युवक ने संदिग्ध हालातों में नहर में छलांग लगा दी। युवक की स्कूटी और चप्पल नहर किनारे खड़ी मिली है, लेकिन उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक का उसकी पत्नी के साथ झगड़ा हुआ और उसके बाद ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और उससे आहत होकर युवक ने नहर में छलांग लगा दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन देर युवक का पता नहीं चल सका। युवक की बड़ी बहन सरोज ने बताया कि नहर में छलांग लगाने वाले युवक की पहचान 35 वर्षीय सुखविंद्र के रूप में हुई है। वह करनाल में अपने बड़े भाई के घर आया था और यहीं पर उसने खाना भी खाया। इसके बाद वह घर से निकल गया। बहन सरोज ने बताया कि उसके कुछ देर बाद सुखविंद्र ने मुझे कॉल किया और कहा कि यह हमारी आखिरी बात हो रही है, मैं नहर पर खड़ा हूं। मैंने उसे बहुत समझाया कि ऐसा कुछ मत करना, लेकिन उसने मेरी एक नहीं सुनी और फोन कट कर दिया।
सरोज ने बताया कि सुखविंद्र की शादी को करीब चार साल हो चुके हैं और वह पानीपत में ससुराल वालों के साथ ही रह रहा था। वहां पर उसने अपना घर भी बना रखा था।

# बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत, धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 24 जून (कुलदीप सैनी)**
पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को मंगलवार अल सुबह हुई बारिश से कुछ राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई। बारिश ने खेतों में धान की रोपाई को गति दे दी है। मंगलवार सुबह क्षेत्र के कई गांवों में किसान अपने खेतों में धान की रोपाई करते नजर आए। किसान रामकुमार, बलबीर, संजय, रौनकी राम आदि का कहना है कि यह बारिश उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। बारिश न होने के कारण धान की रोपाई में देरी हो रही थी। लेकिन अब बारिश से खेतों में नमी आ गई है, जिससे रोपाई का कार्य सुगमता से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि धान की अच्छी पैदावार के लिए बारिश अत्यंत आवश्यक है। बारिश का पानी न केवल फसल की बढ़वार में सहायक होता है, बल्कि यह भूजल स्तर को भी बनाए रखता है। अगर मौसम इसी तरह अनुकूल बना रहा और समय-समय पर बारिश होती रही, तो इस बार धान का उत्पादन बेहतर होने की संभावना है। साथ ही ट्यूबवेल और पंपसेट पर निर्भरता भी कम होगी, जिससे डीजल और बिजली की खपत में भी कमी आएगी।

## संपादकीय

# बारह दिन का महाभारत और युद्ध विराम

**आज** की अच्छी खबर ये है कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच पिछले बारह दिन से चल रहे लोमहर्षक अमानवीय, अनैतिक और अयाचित युद्ध पर विराम लग गया. गनीमत है कि इस युद्ध विराम की घोषणा चीन, रूस या विश्वगुरु भारत ने नहीं बल्कि खुद हमलावर अमेरिका ने की है. ये मौका था कि भारत अमेरिका से पहले युद्ध विराम की घोषणा कर अमेरिका से अपने अपमान का बदला ले लेता. खैर! अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के बाद ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर लागू हो गया है. दोनों देशों के बीच बीते 12 दिनों से जंग चल रही थी, जिसके वजह से दोनों देशों को लगातार जान-माल का नुकसान हो रहा था. दोनों ही देश एक-दूसरे पर हवाई हमले कर रहे थे. दुनिया इस हिंसक, क्रूर लडाई को तीसरे विश्व युदध के आगाज के रूप में देख रही थी, लेकिन बला टल गई. अब अगले 24 घंटे में युद्ध की औपचारिक तौर पर अंत हो जाएगा. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के साथ ही दुनियाभर के देश युद्ध को समाप्त करने की अपील कर रहे थे ताकि मध्य पूर्व में शांति बहाल हो सके. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान-इजरायल के बीच सीजफायर का ऐलान किया. उन्होंने कहा, मिडिल ईस्ट में शांति बहाल का रास्ता साफ हो गया है. दोनों देश के बीच बीते 12 दिनों से जंग चल रही थी, लगातार हवाई हमले किए जा रहे थे. जिसकी वजह से स्थिति और तनावपूर्ण होते जा रहा था. इस दौरान दोनों ही पक्षों को जान-माल का नुकसान हुआ. हालांकि, अब दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से सीजफायर पर बात बन गई है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया है कि अगले 24 घंटे में औपचारिक तौर से युद्ध की समाप्ति हो जाएगी.मजे की बात देखिए कि जिस अमेरिका ने ईरान को नेस्तनाबूत करने की कसम खाई थी उसी अमेरिकी प्रशासन ने दोनों पक्षों को शांति के लिए प्रेरित किया. आपको याद होगा कि ईरान ने कतर की राजधानी में स्थित अमेरिकी अल-उदीद बेस (सैन्य ठिकाना) पर सोमवार को मिसाइल हमले कर दागकर पूरी दुनिया को चौंका दिया था. जिसकी वजह से कतर को कुछ घंटों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करना पड़ा था. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी बेस पर हमले के बाद कहा कि ईरान किसी के समक्ष झुकेगा नहीं. ईरान आत्मसमर्पण करने वाला राष्ट्र नहीं है. द्वापर में धरती का सबसे विनाशकारी युद्ध महाभारत 18दिन चला था, लेकिन खाडी का ये युद्ध 12दिन में ही ठिठक गया. एक जमाने में खाडी युद्ध 8साल तक चला था. लेकिन तब के और अब के हालात में बहुत अंतर आ गया है. इस युद्धविराम के बाद अब रूस और यूक्रेन को भी जनहित में युद्ध रोक देना चाहिए. ईरान, इजराइल, अमेरिका, रूस और यूक्रेन से बेहतर तो हम भारत वाले हैं जो हमने तीन दिन में युद विराम स्वीकार कर लिया. हम जानते हैं कि युद्ध लीला कोई रामलीला या रासलीला नहीं है. युद्ध हमेशा से विनाशकारी होता है. ईरान - इजराइल युद्ध लंबा खिंच सकताश्रथा लेकिन रूस और चीन के साथ ही ईरान के तेवर देख अमेरिका को युद्ध विराम की घोषणा करना पडी, अन्यथा इजराइल और अमेरिका का एजेंडा तो ईरान में तख्ता पलटने का था. खुदा का करम है कि ये एजेंडा पूरा नहीं हुआ.

# नफरत, युद्ध और कराहती मानवता

राजेश माहेश्वरी

> "देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है।"

**विश्व** युद्ध की आशंका से पूरी दुनिया की मानवता पूरी तरह से सहमी हुई है। रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास-फिलिस्तीन युद्ध और अब इसराइल ईरान अमेरिका का भयावह संग्राम पता नहीं पृथ्वी और उसके निवासियों को किस अशांति और हिंसा की दिशा में ले जाएगा? भारत ने पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला कर-के ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया, जवाब में ईरान ने इजरायल के 14 शहरों में अपनी बैलिस्टिक टारगेटेड मिसाइल से हमला करके अपनी युद्ध नीति के जारी रखने की नियत को स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका के इजरायल की तरफ से ईरान पर अनावश्यक आक्रमण से ईरान की तरफ से अब उत्तर कोरिया, रूस और चीन भी इस महासंग्राम में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं। नतीजतन रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार श्रृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है, अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार भी आतंकवाद है। अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन



में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती नजर आ रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है। यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर, शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है।

## कविता

### आइये दीजिए पैगाम शांति का।

महात्मा बुद्ध, विवेकानंद और गांधी के देश से
शांति के अद्भुत परिवेश से
आइये प्रदान करें
शांति अमन और चमन का
एक वैश्विक पैगाम।
मानवता को दे जो अमन चैन
और दिलों को सुकून आराम।
यह तो नियति का नियम है
जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो पायेगा,
हिंसा नफरत ईर्ष्या
यदि विश्व में फैलाओगे
शांति अमन चैन
कहां से पाओगे।
इजरायल-ईरान-अमेरिकी युद्ध
विस्तार वाद की परिणति
लाखों लोगों ने दे दी
इस हिंसा में आहुति।
बेघर हुई मानव जाति
बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और मासूम।
यूक्रेन रूस युद्ध में
कितने कितने हुए बेघर
मुरझा गए आकाश कुसुम'
अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो गए
सब के हाथ युद्ध की आग में
घी डालकर हवन कर गए।

संजीव

---------

# अध्यापक नेताओं ने भी सहे थे एमरजेंसी के घाव

**एमरजेंसी** को आज 50 वर्ष हो चुके हैं लेकिन एमरजेंसी के दौरान जो यातनाएं उस समय के विपक्षी नेताओं को व अन्य कर्मचारी नेताओं को दी गई थी आज भी लोगों के मनों में एक नासूर की तरह जिंदा है।तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने भारत में लगाई गई एमरजेंसी के घाव आज 50 बर्षो बाद भी जिला कैथल में वैसे ही हरे है जैसे उस समय थे। कैथल जिले के 35 लोगों ने आपातकाल के समय कारावास की पीड़ा सही थी ।इसमें सबसे ज्यादा लंबी जेल उस समय के अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा ने काटी थी। 1971 से 1977 तक अध्यापक आंदोलन में भाग लेने के कारण बंसीलाल की आंख की किरकिरी बने इस अध्यापक नेता को 19 महीने इमरजेंसी में जेल में बिताने पड़े थे। उनके साथ-साथ उनके परिवार ने भी आपातकाल की इस पीड़ा को हंसते-हंसते सहा था। वर्ष 2016 में भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए पहले शुभ ज्योत्सना योजना के तहत उस समय जेल जाने वालों को ताम्र पत्र दिए गए थे और नवंबर 2017 से उन्हें 10000 पेंशन भी दी जा रही है। रामदत्त शर्मा के साथ तीन अन्य अध्यापक नेताओं को भी 19 महीने जेल झेलनी पड़ी थी।



जिनमें उस समय के हरियाणा राज्य के अध्यापक संघ के प्रधान सोहनलाल, फरीदाबाद से चंद्रप्रकाश और रेशमी चंद मलिक शामिल थे। उनके साथ भाजपा के पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा भी उसी जेल में थे। जहां इन लोगों ने जेल काटी थी। अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा का जन्म 15 जुलाई 1931 को कैथल जिले के गांव फतेहपुर, ब्लॉक पुण्डरी में पिता कला चंद शर्मा व माता सुरजी के घर में हुआ। उनके पिता भी शिक्षक रहे हैं ।बेशक रामदत्त शर्मा अब इस दुनिया में नहीं रहे लेकिन उनकी यादें अभी भी अध्यापकों में प्रेरणा पुंज का कार्य करती हैं। उनकी पत्नी मुन्नीदेवी जो इस समय 90 वर्ष की है और अपने पुत्र विजय शर्मा के साथ रहते अपने पौत्र पोत्रियो को आशीर्वाद दे रही हैं। उनसे जब इस बाबत बातचीत की गई तो उनका कहना था कि उनके पति कुबार्नी का प्रतीक थे, अपना पूरा जीवन अध्यापकों की सेवा में समर्पित किया और लंबे आंदोलन लड़कर अध्यापकों को सुख सुविधा दिलवाई। उन्होंने बताया कि 1971 से लेकर 1973, ,1973 से लेकर 1977 तक लगातार तीन बार रामदत्त शर्मा ने हरियाणा राजकीय अध्यापक संघ 70 की कमान राज्य महासचिव के तौर पर संभाली और 1973 में जो अध्यापकों का ऐतिहासिक आंदोलन था उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ।1974 में उनसे प्रभावित होकर अध्यापकों ने उन्हें सम्मानित किया था और एंबेसडर कार भेंट कर उनका मान सम्मान बढ़ाया था। शिक्षक वर्ग में उन्हें वर्ष 1993 में दोबारा सम्मानित किया था जब उन्होंने हरियाणा अध्यापक कल्याण परिषद के नाम से संगठन बनाकर आंदोलन की शुरूआत की थी। 1973 के आंदोलन में जब उस समय के राज्य प्रधान मास्टर सोहनलाल, बंसीलाल की सरकार के समय में मुख्यमंत्री आवास के सामने 32 दिन भूख हड़ताल पर बैठे थे तो उस समय पूरे आंदोलन को सफल बनाने में रामदत्त शर्मा का सबसे अहम रोल रहा था। रामदत्त शर्मा के बेटे विजय शर्मा ने बताया कि उसकी तीन बहने हैं कांता रानी ,उषा रानी और आशा रानी है। उन्होंने बताया कि उनकी बहन आशा रानी कैथल जिले के गांव क्योड़क में सुरेश शर्मा से ब्याही हैं जो कि स्वयं हिंदी के प्राध्यापक है और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय क्योड़क से सेवानिर्वित हो गए हैं । दूसरी बहन कांता रानी इक्क्स में व उषा रानी बराह जिला जींद में ब्याही हैं। उनके पुत्र ने बताया कि 1977 में जब इमरजेंसी में जेल काटने के बाद उनके पिता रिहा हुए थे तो जनता पार्टी की तरफ से उन्हें विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए टिकट भी दिया गया था परंतु एन मौके पर स्वामी अग्निवेश उनके पिता का टिकट कटवाकर स्वयं पुंडरी से टिकट ले आए थे जिसके कारण वह चुनाव लड़ने से वंचित रह गए थे । उन्होंने बताया कि उनके पिता की मृत्यु 23 सितंबर 1996 को हार्ट अटैक के कारण हुई थी। उन्होंने कहा कि आज भी शिक्षक समाज में उनकी बहुत इज्जत की जाती है और उनका नाम आदर से लिया जाता है ।अध्यापक संघ के पूर्व राज्य प्रधान कुलभूषण शर्मा का कहना है कि मास्टर रामदत्त शर्मा जैसा नेता आज तक अध्यापक संघ को दोबारा नहीं मिला उन्होंने कहा कि उन जैसे महासचिव विरले ही संगठनों को मिलते हैं।

# देश का आनेवाला कल नशे के दलदल में न समा जाए

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

**नशा** केवल नाश करता है, जिसे नशेड़ी बड़े शौक से सेवन करते है वो शरीर को बेहद घातक तरीके से प्रभावित करता है। नशा सर्वप्रथम मनुष्य के मस्तिष्क पर हावी होता है एवं उसके सोचने-समझने की क्षमता को नष्ट करता है और धीरे-धीरे सम्पूर्ण शरीर को कमजोर करता है। जितनी देर नशे का प्रभाव मस्तिष्क पर रहेगा, तब तक नशेड़ी मनुष्य के अनुचित व्यवहार की संभावना प्रबल रहती है। सीधी सी बात है, अगर मनुष्य का मस्तिष्क ही अनियंत्रित होगा तो उसका खुद पर काबू भी नहीं रहेगा। वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट, 2021 अनुसार, नशीली दवाओं के उपयोग और अपराध के बीच एक करीबी संबंध है। हम खुद भी देखते है कि दुनियाभर में अपराधों में भयावह बढ़ोत्तरी में नशा मुख्य कारण है, अर्थात आधे से ज्यादा अपराध नशे की हालत में या नशे के लिए किये जाते है। नशे के लिए पैसे न मिलने पर नशेड़ियों द्वारा अपने माँ-बाप का भी कत्ल कर देने की खबरें या अनुचित घटनाएं देखने-सुनने को मिलती है। अब तो अपराध बेहद कम उम्र में ही देखने मिलता है, स्कूली बच्चें भी नशे के आदि नजर आते है। अभिभावकों का बच्चों के प्रति गैरजिम्मेदाराना रवैया या बच्चों पर अंधा विश्वास, फैशन और फिल्म इंडस्ट्री का नकारात्मक असर एवं सोशल मीडिया की लत ने बच्चों के विकास को बड़ी बुरी तरह खराब किया है। अगर बच्चों के कोमल मन मस्तिष्क पर अभी से नशे का जहर हावी होने लगा तो, देश का उज्जवल भविष्य तो अपराधों के दलदल में ही पनपेगा। हर छोटी-छोटी बात पर पार्टी और पार्टी के नाम पर नशा करते युवा। आज हम जिधर देखे उधर मादक पदार्थों की तस्करी, नशेड़ियों द्वारा अपराध और दुर्घटनाएं एवं बुरी खबरें है, शायद ही कोई दिन होगा जब इससे संबंधित खबरें न छपती हो। मादक पदार्थों का जाल तेजी से फैला है, नशे की तस्करी में भी बच्चों का इस्तेमाल हो रहा है। देश में सबसे ज्यादा प्रचलित मादक पदार्थों में शराब, मारिजुआना (गांजा, हशीश, भांग), हेरोइन (ओपिओइड), फार्मास्युटिकल ओपिओइड (फेंटेनाइल, कोडीन व अन्य), तंबाकू (निकोटीन), मेथामफेटामाइन (क्रिस्टल मेथ), कोकेन, बेंजोडायजेपाइन (जैसे डायजेपाम, अल्प्राजोलम), अफीम यह है।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

**विजय गर्ग**

**इस्राइल-ईरान** युद्ध के खात्मे का इंतजार दुनिया को था कि विश्व का दरोगा अमेरिका इसमें कूद पड़ा। दुनिया पहले ही रूस-यूक्रेन युद्ध से परेशान थी, इस बीच भारत-पाकिस्तान के बीच भी कुछ दिनों का युद्ध हो चुका था। अमेरिका का कहना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम दुनिया के लिए खतरा है। ईरान पर बम बरसाने से पहले अमेरिका ने धमकी भी दी थी कि वह फौरन इसे रोके। यह बात बिल्कुल ठीक है कि परमाणु अस्त्र पूरी मानवता के लिए आफत की तरह हैं। जापान के हिरोशिमा-नागासाकी पर जो बम गिराए गए थे, उनकी विनाशक क्षमता आज के परमाणु हथियारों के मुकाबले बहुत कम थी। तब भी जापान ने इसे दशकों तक भुगता।

आज तो ऐसे हथियार हैं, जो पल भर में दुनिया को खत्म कर सकते हैं। ऐसे में हे अमेरिकियों, जितने मारक हथियारों के जखीरे आपके पास हैं, दूसरे देशों को उपदेश देने से पहले, उन्हें नष्ट क्यों नहीं कर देते। क्या वे दुनिया के लिए खतरा नहीं हैं....या कि उसी तर्क पर चलते हो कि जबरा मारे और रोने भी न दे। जब अमेरिका के खिलाफ ये बातें की जा रही हैं, तब इसका मतलब यह कदापि नहीं है कि ईरान का पक्ष लिया जा रहा है। मानव अधिकारों के मामले में ईरान की स्थिति कोई अच्छी नहीं है। दशकों पहले जब ईरान के इस्लामिक आंदोलन ने शाह रजा पहलवी को खदेड़ दिया था और पेरिस में निर्वासित जीवन बिताने वाले खोमेनी को हाथो हाथ लिया था, तब की याद आती है। खोमेनी के पक्ष में वहां जो युवा शाह के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे, उनमें से बहुत से खुद को इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहते थे। जब खोमेनी पेरिस से लौटे, तो उनकी कार को कंधे पर उठा लिया गया था। बाद में सबसे पहले खोमेनी ने इन्हीं इस्लामिक मार्क्ससिस्ट कहने वाले लोगों को सरेआम मौत के घाट उतरवाया था। शाह ने स्त्रियों को घर की चारदीवारी से निकाला था, उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई थी, खोमेनी ने उन्हें वापस सदियों पहले की स्थिति में धकेल दिया। अब वहां स्त्रियां अपने आप कुछ नहीं कर सकतीं। न बैंक अकाउंट खोल सकती हैं।

न बिना माता-पिता की लिखित अनुमति के पढ़ सकती हैं, न नौकरी कर सकती हैं। न शादी ही। सिर से हिजाब जरा-सा खिसका नहीं कि आफत आई नहीं। अफगानिस्तान की

# सत्ता से पहले शून्य, बाद में संपदा क्यों?

**जब** विश्व का सबसे विशाल लोकतंत्र, भारत, अपनी विविधता और आकांक्षाओं के साथ एक महाकाव्य की तरह उभरता है, तो उसकी नींव में सेंध लगाने वाला एक अदृश्य विष चुपके से प्रवेश कर चुका है–भ्रष्टाचार। यह कोई नई कथा नहीं, किंतु जब यह सत्य एक ऐसे युगपुरुष के मुख से गूँजता है, जो स्वयं एक चमत्कार हैं–दिव्यांग संत, संस्कृत के अनन्य पंडित, आध्यात्मिक सूर्य और 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत जगद्गुरु रामभद्राचार्य–तो वह न केवल हृदय को चीरता है, बल्कि आत्मा को प्रज्वलित कर एक क्रांति का आलम लिख देता है। डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के 33वें दीक्षांत समारोह में उनका उद्बोधन एक तीक्ष्ण शस्त्र था, जो भ्रष्टाचार के काले आवरण को चीरता हुआ, भारत के युवा मन में नैतिकता की अमर ज्योति प्रज्वलित करता है। यह वक्तव्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि एक युग-परिवर्तनकारी शंखनाद है, जो समय के कैनवास पर अमर स्वर्णाक्षरों में उत्कीर्ण होने को आतुर है। इस अवसर पर, जहाँ 1225 विद्यार्थियों ने अपनी उपाधियाँ ग्रहण कीं, वहीं रामभद्राचार्य को डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उनके वचनों ने उस कटु सत्य को उजागर किया, जिसे समाज या तो अनदेखा करता है या मौन स्वीकार कर लेता है। "विधायक-सांसद बनने से पहले कुछ नहीं, और बनते ही सब कुछ," यह कथन एक तीव्र व्यंग्य है, जो भारतीय राजनीति के नैतिक पतन को नंगा करता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जो व्यवस्था की सड़ांध को उघाड़ती है–जहाँ देश का आधा धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। यह केवल आर्थिक क्षति नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विघटन का प्रतीक है, जो भारत की आत्मा को कमजोर कर रहा है। उनके शब्द, मानो एक दर्पण हों, जो हमें हमारी खामियों का साक्षात्कार कराते हैं। संत रामभद्राचार्य ने इस रोग को केवल उजागर ही नहीं किया, बल्कि एक क्रांतिकारी उपाय भी सुझाया। उन्होंने भ्रष्टाचार को एक प्रतीकात्मक यज्ञ में 'स्वाहा' करने का आह्वान किया–लालच, अनैतिकता और स्वार्थ की प्रवृत्तियों को अग्नि में समर्पित करने की बात कही।

## न्यूज फ्लैश

### एसडीएम काम्पलैक्स सहित 8 नए बड़े सरकारी भवनों के निर्माण पर खर्च होगा 55 करोड़ रु. का बजट : कैलाश सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 24 जून (विजय कौशिक)** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस लाडवा विधानसभा के नागरिकों को अच्छी सडकें, पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था और स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे बड़े प्रोजैक्ट पर है। इस विधानसभा में जल्द ही एसडीएम कॉम्पलैक्स, रेस्ट हाउस सहित 14 नए सरकारी भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इन प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि लाडवा विधानसभा में जल्द ही 13.05 किलोमीटर की 8 सडकों का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इन सडकों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का बजट सरकार की तरफ से लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा में पिछले दिनों आला अधिकारियों की बैठक में लम्बित पड़े प्रोजैक्ट पर तेजी से काम करने के सख्त आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद लाडवा विधानसभा में जल्द ही एसडीएम काम्पलैक्स, पीडब्लयूडी लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह, गांव डीग में पीएचसी, लाडवा में राजकीय वैटनरी अस्पताल, गांव बीड कालवा, गांव ध्यांगला और गांव मंगौली जाटान में राजकीय वैटनरी डिस्पेंसरी के भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही गांव सोंटी, गांव खानपुर कोलिया, गांव भगवानपुर, गांव बण, गांव भैणी, गांव सुनारियां और गांव बणी में सब हैल्थ सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सभी प्रोजैक्ट पाइप लाइन में है और इन प्रोजैक्ट पर लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा। उन्होंने कहा कि सीएम सैनी के आदेशानुसार लोक निर्माण विभाग की तरफ से 8 सडकें जिनमें सहारणपुर कुरुक्षेत्र रोड से लौहारा वाया निवारसी दबखेडा, बडशामी से जंदहेडा, संभालखा से हरिजन बस्ती, जंदहेडा से जंदहेडा स्कूल, छलौंदी से छलौंदी स्कूल, संभालखी से खेडी दबदलान, छपरा से बड़ौंदा और सहारणपुर कुरुक्षेत्र से मथाना पावर हाउस तक शामिल है, 13.05 किलोमीटर सडकों का सुधारीकरण और सुदृढीकरण का कार्य किया जाएगा। इन सडकों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का अनुमानित खर्च होगा।

### होटल कर्मचारी 10 माह से लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-13 स्थित एक होटल में काम करने वाला 21 वर्षीय युवक बीते 10 महीनों से लापता है। युवक होटल के स्टाफ क्वार्टर में रहता था। 23 अगस्त को वह संदिग्ध हालातों में अचानक गायब हो गया। परिजनों का कहना है कि युवक नीरज इंस्टाग्राम पर दो लड़कियों से बातचीत करता था। 22 अगस्त की रात दोनों लड़कियां उससे मिलने आई थी, लेकिन साथियों ने उन्हें वहां से भगा दिया था। अगले दिन नीरज गायब हो गया। 10 महीने बीतने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजनों ने होटल के मैनेजर पर भी उनको गुमराह करने का आरोप लगाया है।
नीरज की मां के मुताबिक 23 अगस्त को दिन में उनकी बेटे से आखिरी बार फोन पर बातचीत हुई थी। उस वक्त नीरज ने किसी तरह की परेशानी नहीं बताई थी। सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन दोपहर बाद अचानक उसका मोबाइल बंद हो गया और उसके बाद वह घर नहीं लौटा। शाम को नीरज के साथ काम करने वाले एक लडके का कॉल आया, उसने पूछा कि क्या नीरज घर आया है। जब उन्होंने मना किया तो उन्हें पहली बार बेटे के गायब होने की जानकारी मिली। परिजन जब होटल के स्टाफ क्वार्टर पहुंचे तो वहां नीरज के जूते, कपड़े और पर्स कमरे में ही मिले, जिससे अंदेशा है कि वह अचानक ही कहीं गया होगा या फिर कोई उसे जबरन ले गया। उसके मोबाइल का भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। कमरे में किसी तरह की तोडफोड़ या लड़ाई के निशान नहीं थे, लेकिन परिजन मान रहे हैं कि कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर हुई है।परिजनों को दो दिन बाद पता चला कि नीरज इंस्टाग्राम पर दो लड़कियों से बातचीत करता था। 22 अगस्त की रात करीब 11 बजे ये दोनों लड़कियां उससे मिलने होटल क्वार्टर पहुंची थी। नीरज के साथ रहने वाले लडकों ने जब उनसे पूछा कि वे कहां से आई हैं तो लड़कियों ने अपना पता अमृतसर बताया था। साथियों ने दोनों को वहां से भगा दिया था। परिजनों ने इन दोनों लड़कियों से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि वे रात 11 बजे आई थी और 2 बजे वहां से चली गई थी।

# एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है : प्रो. सुरेश मल्होत्रा

**शिविर**

▶▶ शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा गांव सिधपुर के राजकीय मिडिल स्कूल में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर विधिवत रूप से संपन्न हो गया। शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने शिरकत की। शिविर में विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों ओर स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। शिविर के समापन पर कुलपति द्वारा वॉलंटियर्स को उनकी सेवा भावना के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।
प्रो. सुरेश ने कहा कि एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका सिखाता है, जिसमें व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण मुख्य है। यह छात्रों को निस्वार्थ सेवा, सहयोग और सामाजिक समर्पण का पाठ पढ़ाता है। विश्वविद्यालय हमेशा इस प्रकार की रचनात्मक पहल का समर्थन करता रहेगा।
स्कूल परिसर में सात दिनों में एनएसएस शिविर चला। इन दिनों में विद्यार्थियों को जीवन में उपयोगी अलग-अलग विद्याओं के बारे में बताया गया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सभी को देश सेवा, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण आदि कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। डायरेक्टर स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा की गई समाजसेवा की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराता है और उनके व्यक्तित्व को सेवा अनुशासन और नेतृत्व जैसे गुणों से समृद्ध करता है।
इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजकुमार, डॉ. अजय कुमार, रजिस्ट्रार सुरेश सैनी, बागवानी महाविद्यालय के डीन प्रो. रमेश गोयल, डीन पीजीएस डॉ. धरमपाल, डायरेक्टर एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ. विजयपाल, डॉ. सुरेंद्र सिंह और प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार कश्यप मौजूद रहे।

## नीलोखेड़ी ब्लॉक में मनरेगा में धांधली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के नीलोखेड़ी ब्लॉक में मनरेगा में हुई धांधली की परतें खुलनी शुरू हो गई है। मनरेगा मेट हाजिरी रजिस्टर में हाजिरी तो लगा देते हैं, लेकिन जब निरीक्षण किया जाता है तो वहां पर न तो मेट मिलता है और न ही कोई लेबर। यह गड़बड़ी सबसे ज्यादा छुट्टी वाले दिन यानी शनिवार और रविवार को की जाती थी, जिसका खुलासा मनरेगा लोकपाल द्वारा किया गया है।
सबसे बड़ी बात तो यह है कि जिस मनरेगा मेट के खिलाफ शिकायतें मिलती हैं और उसके खिलाफ बीडीपीओ कार्यालय में लेटर लिखकर स्पष्ट तौर पर कहा जाता है कि इस मेट को काम नहीं देना है, लेकिन फिर भी उसी मेट को काम दे दिया जाता है। इस कार्यप्रणाली पर बीडीपीओ भी सवालों के घेरे में है। हालांकि गड़बड़ी सामने आने के बाद मनरेगा मेट को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया और पेमेंट नहीं की गई। अब मनरेगा लोकपाल ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। उच्चाधिकारियों की तरफ से क्या कुछ एक्शन होगा, वह देखने वाली बात होगी।
मनरेगा के लोकपाल योगराज ने बताया कि करीब दो महीने पहले नीलोखेड़ी ब्लॉक के मनरेगा कार्यों में गड़बड़ी की सूचना मिली, जिसमें मनरेगा मेट मदन का नाम सामने आया था।
इसके संदर्भ में सीईओ गौरव कुमार से बात की गई, जिन्होंने तुरंत प्रभाव से औचक निरीक्षण कर जांच के निर्देश दिए। इसके बाद बीडीपीओ नीलोखेड़ी को एक लेटर भेजा गया कि मनरेगा मेट मदन के खिलाफ बहुत सारी शिकायतें मिल रही है और इसे काम नहीं दिया जाए, लेकिन फिर भी बीडीपीओ कार्यालय की तरफ से मदन मेट को काम दिया गया।
योगराज ने बताया कि 6 जून की शाम को एक नंबर से कॉल आई। कॉलर ने बताया कि नीलोखेड़ी में मदन मेट ने बहुत ज्यादा धांधली की हुई है। चूंकि देर शाम को कॉल आया था और वहां पर उस समय निरीक्षण करना उचित नहीं था।

## नागरिक अवैध कॉलोनी में जमीन खरीद को लेकर रहें सतर्क

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला नगर योजनाकार विभाग शहरी क्षेत्रों में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि इन क्षेत्रों में कुछ कॉलोनियां बिना वैध लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए ही विकसित की जा रही हैं, जोकि पूरी तरह से अवैध हैं।
जिला नगर योजनाकार कर्मवीर झाझडि?ा ने बताया कि डबवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खसरा नंबर 2072/2 (नई डबवाली, हदबस्त नंबर 277) और खसरा नंबर 695/1/2, 695/1/3, 696, 17//2/1, 2/2, 2/3, 9, 12 (डबवाली, हदबस्त नंबर 278) में अवैध रूप से कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है।

## हांसी के संयुक्त कार्यालय परिसर भवन को मिला अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र

**हांसी ( दिनकर गावड़ी):झ**
संयुक्त कार्यालय परिसर भवन को अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस इमारत को अग्निशमन विभाग,पंचकूला द्वारा अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इस प्रकार यह हिसार जिले की पहली राजस्व इमारत बन गई है जिसे यह प्रमाण प्राप्त हुआ है। मंगलवार को भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल ने अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र एसडीएम राजेश खोथ को औपचारिक रूप से सौंपा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।



एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि यह एनओसी अग्नि सुरक्षा मानकों की पूर्ण पालना एवं फायर सेफ्टी सिस्टम की सफल स्थापना के उपरांत जारी की गई है। संयुक्त कार्यालय परिसर में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम स्थापित करने पर लगभग 47 लाख रुपए की राशि खर्च आई है। बिल्डिंग में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने का कार्य तीन महीने की अवधि में पूर्ण किया गया। इस फायर सेफ्टी सिस्टम के तहत भवन में धुआं उठने की स्थिति में स्वचालित अलार्म प्रणाली सक्रिय होकर सतर्कता संकेत देने लगेगी, जिससे किसी भी आकस्मिक अग्निकांड की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।
भवन एवं सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल नरवाल ने बताया कि सभी मापदंडों पर खरा उतारने के उपरांत ही यह प्रमाण पत्र किसी इमारत को प्रदान किया जाता है। यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली यह पहली राजस्व इमारत है। हांसी के लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह भवन को भी अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। प्रत्येक तीन वर्ष में इस फायर एनओसी का नवीनीकरण करवाना अनिवार्य होगा,जिससे कि भवन की अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित बनी रहे। फायर एनओसी की प्राप्ति के उपरांत आगामी 3 जुलाई को संयुक्त कार्यालय परिसर में मॉक ड्रिल (अभ्यास सत्र) का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सभी कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित व सुनियोजित प्रतिक्रिया देना सिखाना है।

## अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई; ऑपरेशन आक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए मंगलवार 24 जून को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर एक आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित काबू किया। 3 पीओ व एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया।
अवैध शराब की तस्करी करते 12 आरोपियों को व सट्टा खाइवाली करते 3 आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 113 बोतल अवैध देसी शराब और जुआ सट्टा खाइवाली में दाव पर लगी 14880 रूपए की नगदी बरामद की गई।
आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट के तहत 12 अभियोग, गेम्बलिग एक्ट के तहत 3 अभियोग, आर्म्स एक्ट के तहत एक अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

## हांसी पुलिस का अपराधियों पर आक्रमण, विभिन्न अपराधों में संलिप्त 12 आरोपियों को दबोचा

**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ**
पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के दिशा निर्देशानुसार व अपराधों पर रोकथाम लगाते हुए पुलिस जिला हांसी में आज ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दिनांक 24 जून 2025 को समय सुबह 05:00 बजे से 09:00 बजे तक अपराध नियंत्रण हेतु ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया है।
जिसके तहत पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अथक



प्रयास करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 12 आरोपियों को धर दबोच अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान मे जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 17 टीमों का गठन किया गया जिसमें 153 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में निम्नलिखित उपलब्धि हासिल की है।हांसी पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 6 मामले दर्ज करते हुए उनमें 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 73 बोतल अवैध शराब, 4 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है।वहीं ऑप्रेशन के तहत हांसी पुलिस ने नशीले पदार्थों के सप्लायर को गिरफ्तार किया है।
वहीं ऑप्रेशन के तहत हांसी पुलिस ने एक अवैध हथियार के सप्लायर को गिरफ्तार किया है। वहीं एक चोरी हुई मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में ले लिया गया।वही ऑपरेशन के तहत पी ओ स्टाफ ने एक पीओ व एक बेल जंपर को गिरफ्तार किया। सभी मामले में आरोपियो के खिलाफ शराब अधिनियम एवं आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई अमल में लाई गई।
ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस जिला हांसी ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियमों का अवेहलना करने पर लेन चेन्ज ड्राईव, रोंग साईड व अन्य नियमों के तहत 55 वाहनों के चालान किए। हांसी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई पर पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला हांसी में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। अपराधी या तो जिला छोड़ें या अपराध। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## श्री घंटाकर्ण तीर्थस्थान कुशलक्षेम तथा सद्भाग्य सुनिश्चित करता है : प्रमिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह, अनिता जैन, निशा जैन, पुष्पा गोयल, सुधा जैन ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा। दादा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए, सच कहता हूं मेरी तकदीर बदल जाए, इंद्री वाले की मैंने जब से पकड़ी है बांह, बदली है तकदीर और बदले हालात, तू प्यार का सागर है और भक्तों का रहबर है, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा, यह जीवन समर्पण चरण में तुम्हारे, लाखों भक्त हैं तेरे दादा एक और बढ़ा ले मुझे अपना बना ले आदि भजनों के बोलों ने सभी को झूमने के लिए विवश किया।
महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं चुम्बकीय आकर्षण से उसकी ओर खिंची आतीं है। श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं जिन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्य स्थान प्राप्त है। जैन परंपरा में इन्हें चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का शासनरक्षक देव माना जाता है।

## योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में बारिश के बावजूद किया गया योग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
फव्वारा पार्क सेक्टर में सुबह लगातार हो रही बारिश में भी योग किया गया। सडकों पर पानी भरा होने के बावजूद भी योग के दीवाने प्रातः अपने नियत समय योग के लिए पहुंचे। बरसात भी उनके मनोबल को कम नहीं कर पाई। दिनेश गुलाटी की मार्गदर्शन में योग क्रियाएं करवाई गई।। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग की निरंतरता जरूरी है।
दिनेश गुलाटी ने साधकों को सात प्रकार के प्राणायाम करवाए, जिनमें भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम एवम् भ्रमरी प्रमुख रहे।

## शक्ति स्वरूपा, मातृ स्वरूपा व योगनिष्ठ थी मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती : बीके


**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा,24 जून(विजय कौशिक):** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सुखधाम लाडवा मे मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 60वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। सेवाकेंद्र में आए भाई बहनों ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रदासुमन अर्पित कर बड़े ही श्रद्धा एवं आत्मिक भाव से उन्हें याद किया गया। केंद्र पर एक घंटे का योग हुआ फिर मम्मा को भोग स्वीकार कराया गया। सेवाकेंद्र की संचालिका बी के ज्योति बहन ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के अध्यात्म और उनके वचनों पर चलने का संकल्प



कराया।
केंद्र संचालिका बी के ज्योति बहन ने बताया कि मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती संगठन की पहली मुख्य प्रशासिका शक्ति थी। उन्हें जगत माता के रूप में भी जाना जाता है। वह सदा निर्भय, शक्ति स्वरूपा, मातृ स्वरूपा और योग निष्ट थी। मातेश्वरी में सादगी, आत्म निरीक्षण और परमात्मा से उनका गहरा संबंध था। मम्मा की जीवनी पर आगे प्रकाश डालते हुये सेवा केंद्र प्रभारी बी के ज्योति बहन ने कहा कि मम्मा गुण संपन्न थी। वे बहुत रॉयल फैमिली से आती थी। बचपन से ही आध्यात्मिक विचारधारा की थी। इस कार्यक्रम में भाई बहनों ने सैंटर को मां सरस्वती की प्रतिमा भी भेंट की! इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी के गीता बहन,रंजन, अंजु , अनिल गोयल, सुनीता, सुषमा, रुक्मण,, शिखा ,निर्मल नीरज, बुधराम, कुलदीप सिंह, सुरमख सिंह, प्रेम, रघबीर सिंह, सुनील कुमार व अन्य भाई बहन उपस्थित रहे।

## नगर निगम कर्मचारियों ने आम जनता के लिए भंडारे का किया आयोजन


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नगर निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को आम जनता के लिए भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान शहर के हजारों लोगों ने निगम परिसर में आकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया और इसमें शामिल हलवा, पुरी, सब्जी, कड़ी, चावल व खीर जैसे स्वादिष्टद्द व्यंजनो का लुफ्त उठाया।
दोपहर पूर्व करीब साढे 11 बजे जैसे ही भोजन वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ, कुछ ही देर बाद भोजन ग्रहण करने वालों का तांता लग गया। इनमें राह चलते लोग, ऑटो-रिक्शा चालक, आस-पास कार्यालयों के सरकारी अधिकारी व कर्मचारी तथा निगम कार्यालय में आए नागरिक तथा



कार्यालय के पीछे खाली पड़ी जगह पर मौजूद झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोगों ने भी भोजन प्रसाद ग्रहण किया।
निगम कर्मचारियों की ओर से करनाल के विधायक जगमोहन आनंद को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह शहर से बाहर होने के चलते नहीं आ सके। उनकी जगह उनके सुपुत्र सम्राट आनंद ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी प्रकार निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता भी किन्ही कारणों से शहर से बाहर गई हुई थी, उनकी जगह पर उनके पति व समाजसेवी बृज गुप्ता ने कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। उनके इस आयोजन की तारीफ की और भोजन प्रसाद ग्रहण किया।
नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की और सभी कर्मचारियों की हौसला अफजाई की तथा भोजन प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी ओर कुछ पार्षदों ने भी भंडारे में आकर प्रसाद लिया। अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, उप निगम आयुक्त अभय सिंह सहित तमाम अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया।
क्या था मकसद- गौर हो कि पिछले दिनों हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश के एक लाख से भी अधिक कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के मकसद से जॉब सिक्योरिटी करने को जो निर्णय लिया था, उससे इन कर्मचारियों के परिवारों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। सरकार के इस निर्णय के तहत भिन्न-भिन्न विभागों से समबद्ध कर्मचारी थे। जॉब सिक्योरिटी के लिए सेवा अवधि जैसे नियमों को लिया गया था। इस फहरिस्त में करनाल नगर निगम के 108 कर्मचारी शामिल थे। सरकार के निर्णय के बाद सभी विभागों ने अपने-अपने स्तर पर कौशल रोजगार के कर्मचारियों की सूची लेकर उनकी जॉब सिक्योरिटी कर देने की तैयारी कुछ दिन पहले शुरू कर दी गई थी और इसके चलते अंततः 18 जून 2025 को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कर्मचारियों की तैयारशुदा सूची के नीचे जॉब सिक्योरिटी लिखकर सुनिश्चितता की मोहर लगा दी। उसी दिन से जॉब सिक्योरिटी से जुड़े सभी कर्मचारियों के चेहरे भी अजीब मुस्कान बनी हुई थी, न केवल कर्मचारी बल्कि उनके परिवारजन भी खुशी से फूले न समा रहे थे।

## याकूबपुर गांव के पास डंपर ने मारी स्विफ्ट को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, 24 जून (धर्मबीर)-**
यमुनानगर के याकूबपुर गांव के पास नेशनल हाइवे 907 पर तेज रफ्तार डंपर और स्विफ्ट की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची थी। घायलों की हालत नाजुक होने के चलते एंबुलेंस का इंतजार करने की बजाय डायल 112 यमुनानगर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए लेकर गई। देखते ही देखते हाइवे पर भीड़ जमा हो गई। छछरौली थाना से पुलिसकर्मी वेदपाल टीम



को लेकर मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। मौका देखकर ड्राइवर फरार हो गया।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा पेश आया है। उन्होने बताया कि कार में एक महिला और पुरुष सवार थे। डंपर के साथ टक्कर होने पर कार निमार्णाधीन हाइवे से करीब 10-15 फीट नीचे जा गिरी। वहीं डंपर भी सड़क से नीचे की तरफ उतरकर धंस गया। कार सवार दोनों को निकालकर अस्पताल भेजा गया।
वहीं जांच अधिकारी वेदपाल ने बताया कि अभी घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। उन्हे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। ट्रैफिक सुचारू कर दी गई है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा ने रचा नया कीर्तिमान! पार्टी ने प्राथमिक सदस्यों की संख्या 14 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है :- कुणालनाथ माधव



**सोनीपत:** भाजपा ने 14 करोड़ प्राथमिक सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया है, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में लोगों के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा जी के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से संभव हुई है। देश के हर हिस्से में नागरिक भाजपा से जुड़ रहे हैं, क्योंकि वे पार्टी को राष्ट्रीय परिवर्तन और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के वाहक के रूप में देखते हैं। हरियाणा में माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में व माननीय प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहनलाल कौशिक बड़ोली जी की अध्यक्षता में इस लक्ष्य को पूर्ण करने में इस ऐतिहासिक कीर्तिमान में हम सभी हरियाणा के कार्यकर्ता भी अपना योगदान दे सके, यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और आनंद का विषय है। इस असाधारण उपलब्धि के लिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को बधाई।

### सीआईए-1 की बड़ी कार्यवाही, 476 किलो चूरापोस्त सहित बराड़ा का अनिल काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** सीआईए-1 ने लाखों की चूरापोस्त के साथ एक ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। सीआईए-1 के डीएसपी वीरेंद्र ने बताया कि गत दिवस सीआईए-1 को सूचना मिली थी कि एक ट्रक मध्यप्रदेश से अंबाला की तरफ आ रहा है, जिसमें भारी मात्रा में नशीला पदार्थ है। जिसके बाद नग्गल थाने के पास सीआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर नाका लगा दिया। उसी समय नग्गल की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया, जिसे रोककर ड्राइवर से ट्रक में रखे सामान के बारे पूछा गया तो वह कुछ सही से जवाब नहीं दे पाया। ट्रक की चेकिंग करने पर उसमें बिस्किट व चॉकलेट के डिब्बे मिले। जिनके नीचे कट्टों में कुछ सामान रखा हुआ था, जिसे चेक करने पर पता चला कि वह नशीला पदार्थ चूरापोस्त है। वहीं पुलिस ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया और ट्रक व उससे मिले सामान को भी जब्त कर लिया। आरोपी की पहचान बराड़ा के रहने वाले अनिल कुमार के तौर पर हुई है। सीआईए की टीम ने बताया कि नशीले पदार्थ चूरापोस्त का वजन करने पर 4 क्विंटल 76 किलो निकला। जिसकी कीमत लाखों में है। वहीं आरोपी को कोर्ट में पेश कर उसका रिमांड हासिल किया गया है। डीएसपी ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ की जाएगी कि वह नशीला पदार्थ कहां से ला रहा था और वहीं उसे नशीला पदार्थ कहां लेकर जाना था। वहीं रिमांड के दौरान इस तस्करी के मामले में जुड़े अन्य आरोपियों के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले काफी समय से हरियाणा सरकार के निदेर्शों के अनुसार पुलिस नशा तस्करों पर लगाम

# आईटीआई में मारुति सुजुकी लिमिटेड ने कौशल प्रयोगशाला का किया शुभारंभ

**प्रधानाचार्य भूपिन्द्र सांगवान व अन्य स्टाफगण ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान अम्बाला शहर में मारूति सुजुकी लिमिटड द्वारा स्थापित की गई कौशल प्रयोगशाला का उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने रिबन काटकर शुभारम्भ किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य भूपिन्द्र सांगवान व अन्य स्टाफगण ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ मारूति सुजुकी के सीनियर वाईन प्रैजिडैंट संजय नारंग, जरनल मैनेजर समद खान व अन्य उपस्थित रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रयोगशाला का उदघाटन करने के दौरान यहां पर स्थापित असैम्बली लैब, पेंट लैब, एमएसबीटी लैब व मशीन लैब का भी अवलोकन करते हुए यहां पर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने के तहत जो गतिविधि की जाएगी उसका भी जायजा लिया। जरनल मैनेजर समद खान ने तमाम उपकरणों के साथ-साथ यहां पर जो प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा उसकी बारीकी से जानकारी दी। उपायुक्त ने इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लैब एक संसाधन एवं माध्यम है। विद्यार्थियों सैल्फ लर्निंग करते हुए अपने आप को इतना विकसित करना है कि जब यहां से वे उत्तीर्ण होकर जाए तो उन्हें मारूति के साथ-साथ अन्य कॉरपरेट क्षेत्र में नौकरी सुगमता से मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यहां पर ट्रेनिंग के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी मिलेगी, इसलिए वे अपने आप को पूरी तरह से प्रशिक्षित करें। इस मौके पर उन्होंने मारूति सुजुकी लिमिटड द्वारा यहां पर जो लैब स्थापित की गई है उसके लिए उनकी सराहना की और कहा कि निसंदेह विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढने के लिए यह लैब काफी कारगर सिद्ध होगी। इस अवसर पर उन्होंने स्कोलरशिप वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर उपायुक्त ने विद्यार्थी सचिन व स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राओं की प्रस्तुति की भी सराहना की।
इस मौके पर मारूति सुजुकी लिमिटड के सीनियर प्रैजिडैंट संजय नागर ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि मारूति की एक माध्यम है। मारूति कंपनी का प्रयास रहता है कि जो भी नई तकनीक आती है उस बारे विद्यार्थियों को जानकारी मिले। यहां पर जो लैब स्थापित की गई है वहां पर उनके ट्रेनर व आईटीआई के स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी ताकि वे यहां से प्रशिक्षण हासिल करके जीवन में आगे बढ सके, मारूति सुजुकी हमेशा आपके साथ है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य भूपिन्द्र सिंह सांगवान ने मुख्य अतिथि व मारूति सुजुकी लिमिटड के पदाधिकारियों का यहां पहुंचने पर स्वागत करते हुए कहा कि सीएसआर पहल के तहत यहां पर यह प्रयोगशाला स्थापित की गई है। इस प्रयोगशाला के स्थापित होने से जहां विद्यार्थियों को प्रशिक्षण मिल सकेगा, वहीं संस्थान को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि मारूति सुजुकी लिमिटड का उन्हें शुरू से ही सहयोग मिल रहा है। रोजगार मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को जहां प्लेसमैंट मिलती है वहीं अब इस प्रयोगशाला के स्थापित होने से विद्यार्थियों को नई तकनीक की जानकारी हासिल हो सकेगी।

## मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, आबकारी एवं काराधान विभाग के डीईटीसी व अन्य सम्बन्धित के साथ बैठक लेते हुए शराब के ठेकों की एक्साईज ऑक्शन, आर्मस लाईसैंस बारे तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वी.सी. के माध्यम से प्रदेशभर में जोन वाईज शराब के ठेकों के आबंटन के साथ-साथ आर्मस लाईसैंस की पैंडसी बारे समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां पर भी शराब के ठेकों के आंबटन का कार्य बचा है उस कार्य को बेहतर समन्वय के साथ करें। साथ ही यदि किसी मामले में शराब ठेकेदार अथवा वैंडर को यदि कोई धमकी मिली है और उसने आर्मस लाईसैंस के लिए आवेदन किया हुआ है उस कार्य को प्राथमिकता से करें। सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे वैंडरों के साथ बैठक करके यदि उन्हें कोई पुलिस की सुरक्षा या अन्य की आवश्यकता है उस कार्य को भी करें। शराब के जिन ठेकों का आबंटन अभी नहीं हुआ है तो उस कार्य को पोलिसी अनुसार बेहतर समन्वय के साथ करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने अतिरिक्त मुख्य सचिव को बताया कि जिला अम्बाला में 61 जोन है जिनमें से 52 जोनों में शराब के ठेकों की अलाटमैंट कर दी गई है, 9 जोन में जो ठेकों का आबंटन किया जाना है उस कार्य को बेहतर तरीके से समन्वय बनाकर किया जाएगा। इसके साथ-साथ आर्मस लाईसैंस से सम्बन्धित जो कार्य है उसे भी किया जाएगा।
वी.सी. उपरांत उपायुक्त ने डीईटीसी व अन्य को कहा कि वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले है उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों को करना सुनिश्चित करना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, डीईटीसी कृष्ण कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग के साथ-साथ सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## छह युवकों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/ (धर्मबीर):** यमुनानगर के छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में आधा दर्जन युवकों ने नाबालिग लड़की को जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे जहरीला पदार्थ देकर जान से मारने का प्रयास किया लेकिन पीड़िता किसी तरह आरोपियों से बचकर घर पहुंची और घटना के बार परिजनों को बताया। महिला थाना पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।
पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जून को रात एक बजे उसकी लड़की घर से अचानक लापता हो गई। वह अपनी लड़की खोज रहे थे तो उसकी लड़की डरी सहमी घर पहुंची। उसकी लड़की ने बताया कि उनके गांव के ही सुभम, संदीप, वंश कुमार, रणजीत, आशु व विपिन उसे अपने साथ बहला फुसला कर जंगल में ले गए। जहां आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे जहरीला पदार्थ देकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद वह किसी तरह से आरोपियों से बचकर वहां से भाग निकली। इस दौरान आरोपियों ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों ने जब घटना सुनी तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई।

## ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर सडकों की मरम्मत पर जोर

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर) :** यमुनानगर में सड़क सुरक्षा के लिए जिला स्तरीय सुरक्षा समिति के बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर सड़कों की मरम्मत करने पर जोर दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने सडक एवं यातायात के नियमों पर गहनता से विचार विमर्श किया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व लोगों की जान बचाई जा सके। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा न केवल एक महत्वपूर्ण विषय है बल्कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिन्दगियों को बचाया जा सकता है। युवा, नशा करके वाहन न चलाए, सम्बंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें और उक्त सभी पर रोक लगाने के लिए नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला सडक सुरक्षा कमेटी की बैठक में




सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है, वहीं उसके परिवार को भी जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर सडकों की मरम्मत का कार्य विशेष प्राथमिकता से करें। उन्होंने नेशनल हाईवे ऑथारिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे को जोडने वाले लिंक रोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाकर, बलिंकर लगाकर दुर्घटनाओं में कमी लाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सडक दुर्घटनाओं में कमी लाकर व अमूल्य जिन्दगियों को बचाकर अपनी दैनिक डयूटी करते समय पुण्य के भागीदार बन सकते है। उन्होंने बताया कि स्कूलों की बसों की भी चैकिंग करें, उनकी आईडी व ड्राईविंग लाईसेंस चैक करवाएं और बस ड्राइवरों की आखों की भी जांच नियमित करवाते रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वर्तमान में हो रही सडक दुर्घटनाओं में कम-से-कम 20 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य दिया और निष्ठद्दा से इसका पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला में हाईवे पर बिना नंबर के जो वाहन चल रहे है उनका चालान करें, इसके अलावा ट्रेफिक पुलिस चालानों की संख्या बढाएं। इसके अतिरिक्त बैठक में सडक सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के अनेकों विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## जमकर हुई बरसात, पथराला दोनो नदियां में उफान, खेतों और सड़कों पर घूसा पानी

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर):** यमुनानगर के छछरौली क्षेत्र में मंगलवार को जमकर बरसात हुई। वहीं पहाड़ी इलाकों से आने वाली सोम व पथराला नदियां भी उफान पर आई। नदियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और खेतों में घुस गया। पथराला नदी में खतरे के निशान से ऊपर पानी दर्ज किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी क्षेत्र का दौरा किया। हालांकि क्षेत्र में कहीं से नुकसान की सूचना सामने नहीं आई। लेकिन क्षेत्र में हुई



बरसात व नदियों में आए पानी ने क्षेत्र के लोगों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। सोम नदी में 8000 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया तो वहीं पथराला नदी में 6000 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया। पथराला नदी में खतरे के निशान से ऊपर पानी आया ज्यादा पानी होने की वजह से ओवरफ्लो होकर बरौली माजरा गांव की सड़क से दूसरी तरफ पानी गिरा जिस पर ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की। सिंचाई विभाग द्वारा बरौली माजरा में आबादी को सुरक्षित करने के लिए लगभग 3000 फुट लंबी पटरी का निर्माण किया गया था सोम नदी में 8000 क्यूसेक पानी दर्ज किया गया। वहीं पथराला नदी में 6000 क्यूसेक पानी आया। हालांकि पानी से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ लेकिन बरौली माजरा में बनी पटरी के पास से पानी ओवरफ्लो होकर सड़क क्रॉस कर दूसरी तरफ गिरने लगा। जिसे देखकर ग्रामीणों का कहना था कि पहले ही पानी में जब यहां हालात ऐसे हो चुके हैं तो आने वाले दिनों में ओर ज्यादा पानी आने पर यहां पटरी टूटने का खतरा है जिससे डमौली, रायपुर, तारूवाला समेत कई गांवों को खतरा बन सकता है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि नदी की क्रीक तारूवाला गांव के पास कई सालों से बाधित है जिससे कई सौ एकड़ फसलें प्रभावित होती हैं। यदि प्रशासन की तरफ से नदी की क्रीक को ठीक करवाया जाए तो नदी का पानी ओवरफ्लो नहीं होगा।

## जैव विविधता प्रबंधन समितियां पुनर्गठन में जरुरी दस्तावेजो पर ध्यान देना जरुरी : श्यो प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जिलास्तरीय स्वछता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सोनीपत जिलें के लगभग 160 ग्राम सचिवों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी वाईस चेयरमैन स्वच्छ भारत मिशन सुभाष चंद्र रहें। कार्यक्रम में जैव विविधता बोर्ड पंचकूला के जिला समन्वयक श्यो प्रसाद ने ग्राम सचिवों को बताया की जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार, जिलें में स्थानीय निकायों को जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ पुनर्गठनगठित करनी हैं इन समितियों का उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण एवं सतत उपयोग को बढ़ावा देना तथा उसका अभिलेखीकरण करना



है। समिति में एक अध्यक्ष के साथ-साथ अधिकतम छह ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें स्थानीय निकाय नामित करेगा इन छह व्यक्तियों में कम से कम एक तिहाई स्त्रियाँ होनी चाहिएँ और कम से कम 18% अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के होने चाहिएँ। इस समिति के अध्यक्ष को समिति के सदस्यों में से एक बैठक द्वारा चुना जाएगा इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय निकाय का अध्यक्ष करेगा चुनाव में यदि दो व्यक्तियों को एक ही बराबर मत मिलते हैं तो स्थानीय निकाय का मत निर्णायक होगा। जिला समन्वयक ने ये भी बताया की बीएमसी के गठन से सम्बंधित सभी दस्तावेज जैसे ग्राम पंचायत का प्रस्ताव और कार्यवाही रजिस्टर की नकल कॉपी व ग्राम सभा की कम से कम पांच फोटो इत्यादि निर्धारित बीएमसी प्रोफार्मा के साथ जमा करवाए।

### बसई गांव में दीवार ढहने से दबे श्रमिक

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अंतर्गत बसई गांव में एक दीवार ढहने से दो मजदूर दब गए। मजदूरों को निकलने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाया। दोनों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार बसई गांव में सोमवार की रात एक दीवार के सहारे में श्रमिक आराम कर रहे थे। अचानक दीवार उन पर आ गिरी। जब तक कोई कुछ समझ पता, दोनों दीवार के मलने में दब गए। लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और बचाव दस्ता मौके पर पहुंचे और सावधानी से बचाव का काम शुरू किया। एक श्रमिक को तो जल्दी ही बाहर निकाल लिया गया, लेकिन सुरेंद्र सिंह नामक श्रमिक को निकलने में कठिनाई आ रही थी।

## भारी बरसात के कारण कलेसर नेशनल पार्क में नेशनल हाईवे पर भारी भरकम पेड गिरने से लगा लंबा जाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर/(धर्मबीर):** जगाधरी पोंटा साहिब नेशनल हाईवे पर कलेसर के नजदीक लाल ढांग पर भारी भरकम पेड़ गिरने से सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने हाईवे से पेड़ हटाकर जाम को खुलवाया। छछरौली और उसके आसपास के क्षेत्र में सुबह से लगातार तेज बरसात जारी है बरसात के कारण जगाधरी पोंटा साहिब नेशनल हाईवे पर भारी भरकम पेड गिरने से सड़क के दोनों और लंबा जाम लग गया। लगभग 2 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित रहने पर वन विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के



बाद पेड़ को हाईवे से हटाया। सुबह पांवटा साहिब की ओर जा रहे रवि ,जय भगवान, राजेश, राम सिंह, सौरभ आदि ने बताया जगाधरी पोंटा साहिब नेशनल हाईवे पर वन्य प्राणी विभाग कार्यालय से थोड़ा आगे और लाल ढांग के नजदीक हाईवे पर भारी भरकम पेड़ गिर गया था जिस कारण यातायात दोनों ओर से ठप हो गया।
स्थानीय लोगों ने पेड गिरने की सूचना वन विभाग को दी सूचना मिलने पर वन विभाग कलेसर रेंज के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद हाईवे पर पड़े पेड़ को हटाया। राहगीरो का यह भी कहना है नेशनल हाईवे पर जंगल के क्षेत्र में हाईवे के दोनों ओर गहरे बरम बने हुए हैं जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा बरम को सड़क के बराबर करना चाहिए और यहां पर दो जेसीबी मशीनों को परमानेंट किया जाना चाहिए ताकि आपातकाल स्थिति में जल्द से जल्द रोड को खुलवाया जा सके। आपको बरसात के सीजन में हथनी कुंड, कलेसर और लाल ढांग पर सड़क पर मलवा आने से नेशनल हाईवे अक्सर बाधित हो जाता है जिस कारण राहगीरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## हरिओम सेवा मंडल द्वारा अमरनाथ भंडारे के लिए गाड़ियां रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरिओम सेवा मंडल, पटियाला की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री अमरनाथ जी यात्रा के श्रद्धालुओं के लिए बालटाल, जम्मू-कश्मीर में 20वाँ भंडारा लगाया जा रहा है। इस सेवा कार्य के तहत संस्था द्वारा चार गाड़ियों में आवश्यक सामग्री सोमवार को रवाना की गयी ।
इस अवसर पर संस्था के प्रधान कृष्ण लाल बंसल ने बताया कि हरिओम सेवा मंडल, श्री अमरनाथ साइन बोर्ड से मान्यता प्राप्त है और यह संस्था पिछले 19 वर्षों से निस्वार्थ भाव से यात्रियों की सेवा कर रही है। इस वर्ष भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे निःशुल्क भोजन एवं



जलपान, नहाने की उचित व्यवस्था, ठंड से बचाव के लिए गर्म कंबल,शाम के समय स्नैक्स की व्यवस्था ,रात्रि में केसर युक्त दूध, चाय व कॉफी जो कि निरंतर दिन रात चलाया जायेगा क सोमवार को बाबा अमरनाथ बर्फानी के भंडारे के लिए 4 गाडियों को हरी झंडी भरत भूषण, राजिंन्द्र मलिक और जगमोहन मालिक द्वारा दी गई कइस पवित्र सेवा कार्य में संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।
इस अवसर पर कृष्ण कुमार गाबा, भूषण सिंगला, बंसीलाल, पुनीत मित्तल, शिव सिंगला, दीपक गोयल, अशोक शर्मा, अशोक आनंद , शाम लाल गाबा, विजय शर्मा, एम पी शर्मा, सतीश आनंद, मिंटू सिंगला, करन गाबा, रजत बंसल, सुशांत बंसल, जे पी गाबा, हेमंत सिंगला, केवल शर्मा, अनिल चावला, राकेश कुमार, हरि ओम, सुखविंदर सिंह, नरेन्द्र कुमार, बंसी लाल मल्होत्रा, महक मल्होत्रा, राजेश, आँशु, रश्मी, श्रीमती मल्होत्रा आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।
वही हरिओमसेवा मंडल से कृष्ण कुमार ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 20 सालों से जब बहुत कम भंडारे और बहुत कम सुविधाएं होती थी तब से श्री अमरनाथ यात्रा मे श्रद्धांलुओं की सुविधा के लिए हर साल यात्रा मार्ग पर भंडारे का आयोजन करती है ताकि वहां जाने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हौ ' उन्होंने आगे बताया कि हरिओम सेवा मंडल पटियाला और अम्बाला मे सक्रिय है और हमारा यह प्रयास है कि श्रद्धालु बिना किसी कठिनाई के अपनी यात्रा पूरी कर सकें और भगवान शिव के दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकें। संस्था की ओर से सभी यात्रियों को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएँ दी गई हैं।

## नेशनल हाईवे का अधूरा निर्माण प्रताप नगर के व्यापारियों के लिए मुसीबत

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर /(धर्मबीर)**
**जगाधरी** पोंटा साहिब नेशनल हाईवे का अधूरा निर्माण प्रताप नगर के व्यापारियों के लिए मुसीबत लेकर आया है आज तड़के हुई तेज बरसात के कारण प्रताप नगर बस स्टैंड के सामने स्थित नेशनल हाईवे पर तीन-तीन फीट पानी भर गया, हाईवे पर पानी भरने से हाईवे पर स्थित दुकानदार बमुश्किल अपनी दुकानों पर पहुंचे। स्थानीय दुकानदार जयकरण महिपाल नरेश विजय रजनीश तुषार आदि ने बताया साल 2022 से नेशनल हाईवे का काम शुरू हुआ था तभी से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा



है उनकी दुकानों के सामने अधूरा हाईवे न सिर्फ उनके लिए मुसीबत बना हुआ है बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते रात हुई बरसात के कारण उनकी दुकानों के आगे दो से तीन फीट तक पानी भर गया है ऐसे में ग्राहकों का उनकी दुकान तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रताप नगर बस स्टैंड के आसपास जल्द से जल्द हाईवे का निर्माण पूरा किया जाना चाहिए ताकि न सिर्फ उनका व्यापार सुचारू रूप से चल सके बल्कि आमजन को भी जरूरत का सामान लेने के लिए परेशान ना होना पड़े।

# बिना बरसात के दीवारों से लीकेज होकर खेतों का पानी अंडरपास में भरा, परेशान वाहन चालक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** करोड़ों की लागत से गन्नौर से सोनीपत मार्ग पर राजलू गढ़ी गांव के पास बादशाही रोड पर रेलवे अंडरपास में बिना बरसात के ही मंगलवार को साइड में बनी सी सी की दीवारों से पानी का रिसाव होकर तालाब की तरह पानी भर गया । पानी भरने के कारण अंडरपास में कीचड़ होने की वजह से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा और वह प्रशासन को कोसते नजर आए । वाहन चालक ललहेड़ी गांव के प्रवीण मलिक, सुरेश, सतबीर, महेंद्र ,विकास ने बताया कि जब से अंडरपास बना है तब से थोड़ी ही बरसात होते ही कई कई फुट तक पानी भर जाता है। अब बिना बरसात



के ही साइड की दीवारों से खेतों से पानी आकर भरने लगा है । अंडरपास को बने हुए दूसरा साल चल रहा है, वाहन चालक भी हैरान है कि कई बार तो जब बरसात भी नहीं होती तब भी अंडर पास में खेतों का पानी भर जाता है, बरसात होने पर तो और भी ज्यादा पानी भर जाता है जिस कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । लोगों का आरोप है कि करोड़ों की लागत से बनाए गए अंडरपास में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हुआ है जिस कारण साइड की दीवारों से पानी लीकेज होने के कारण अंडरपास में भर जाता है । उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि अंडरपास की साइड में बनी दीवारों की निर्माण सामग्री की विजिलेंस से जांच करवा कर सैंपल भरवा जाएं ताकि लापरवाही करने वाले अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

अंडर पास में निर्माण से अब तक पानी भरने के चलते नहीं की फाइनल पेमेंट, लेकिन विभाग समाधान नहीं करवा रहा

--- करोड़ों रुपए की लागत से बने अंदर पास में शुरूआत से लेकर अब तक लगातार बरसात होने पर व बिना बरसात के भी कई बार पानी भरने को लेकर लोग हैरान है कि विभाग शुरू से लेकर अब तक स्थाई समाधान नहीं करवा पाया है और ना ही इसका पानी भरने का कारण खोज पाया है लेकिन विभाग के अधिकारी पूछने पर यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि कहीं ना कहीं अंडरपास की दीवारों से ही पानी का रिसाव हो रहा है, पानी रोकने के लिए उन्होंने आसपास के किसानों को नोटिस भी दिए हैं।

निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट पेंडिंग है, करीब 7 करोड़ की लागत से बना है अंडरपास : एसडीओ

एचआरडीसी के एसडीओ नरेश ने बताया कि दीवारों से पानी लीकेज होने से रोकने के लिए जॉइंट को चौड़ा कर सीलिंग करने का काम करवाया जा रहा है । जॉइंट चौड़े होने के कारण खेतों से पानी भरा है । निर्माण के बाद से लगातार पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने निर्माण एजेंसी की फाइनल पेमेंट रोक रखी है, एजेंसी को जब तक पेमेंट नहीं दी जाएगी तब तक वह पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर लेता, इसके अलावा खेतों से जो पानी आता है उन किसानों को भी नोटिस दिए गए हैं, वे बिल्कुल दीवार के साथ में पानी भर देते हैं ।

# औद्योगिक क्षेत्र के गोल चक्कर व दो कंपनियों की ग्रिल बेल्ट में सौंदर्यकरण की ली जिम्मेदारी

**जिम्मेदारी**

▶▶ उन्होंने बड़ी औद्योगीक क्षेत्र कार्यालय में भी एक दो पार्क की अनुमति के लिए भी पत्र भेजा है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र के फेस वन में बने चौक के गोल चक्कर के सौंदर्यकरण व दो फैक्ट्री के आगे ग्रीन बेल्ट के सौंदर्य करण की जैन एमएसएमई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा जिम्मेदारी लेते हुए कार्य शुरू करवा दिया है । संस्था के पदाधिकारी संजय जैन, निखिल जैन और ओ पी जैन ने बताया कि जैन एमएसएमई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा गोल




चक्कर व ग्रीन बेल्ट के सौंदर्य करण की जिम्मेदारी ली है और सौंदर्य करण को बढ़ावा देने के लिए काम शुरू करवा दिया गया है ।
उन्होंने बताया कि उन्होंने बड़ी औद्योगीक क्षेत्र कार्यालय में भी एक दो पार्क की अनुमति के लिए भी पत्र भेजा है। अनुमति मिलने के बाद उनके सौंदर्य करण का भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा । उनकी संस्था का कार्य पर्यावरण प्रदूषण को रोकते हुए क्षेत्र को हरा भरा बनाना है। इसके लिए उन्होंने पार्क में पौधारोपण करने का काम भी सर्वे करवा रखा है । संस्था द्वारा उठाए गए कदम की अन्य फैक्ट्री संचालकों ने सराहना की।

## न्यूज फ्लैश

### एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात रोमिल वोहरा का घर होगा ध्वस्त

**यमुनानगर 24 जून (धर्मबीर)–** गुरुग्राम में एनकाउंटर में मारे गए खेड़ी लक्खा सिंह में हुए तिहरे हत्याकांड, शाहबाद में कारोबारी की हत्या समेत विभिन्न मामलों में वांछित कुख्यात रोमिल वोहरा के घर को नगर निगम द्वारा ध्वस्त किया जाएगा। नगर निगम द्वारा मंगलवार को कुख्यात रोमिल वोहरा के अशोक विहार कॉलोनी में बनाए गए घर पर नोटिस चस्पा दिया गया। नगर निगम के डीटीपी मनोज कुमार का कहना है कि रोमिल वोहरा के पिता कपिल वोहरा द्वारा यह मकान बिना नक्शा पास कराए अवैध कब्जा कर बनाया गया है। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निदेर्शों पर नोटिस चस्पाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही रोमिल वोहरा के परिजनों को 15 दिन के भीतर अवैध कब्जा हटाने के आदेश जारी किए गए है। निर्धारित समय अवधि में यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो नगर निगम द्वारा उनके घर को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इससे पहले भी नगर निगम जून 2024 में कुख्यात काला कबाड़ी की अवैध संपत्ति कर ध्वस्त कर चुका है।
नगर निगम डीटीपी मनोज कुमार द्वारा रोमिल वोहरा के पिता कपिल वोहरा के नाम नोटिस जारी किया गया। डीटीपी मनोज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले नगर निगम की भवन शाखा द्वारा नगर निगम के वार्ड नंबर 21 का दौरा किया गया। निरीक्षण में कांसापुर रोड स्थित अशोक विहार कॉलोनी में कपिल वोहरा के 54.689 गज में बने मकान का निर्माण अवैध पाया गया। यह मकान बिना नक्शा पास कराए बनाया गया। इस वजह से इसे अवैध घोषित किया जाता है। इस संबंध में नगर निगम द्वारा मकान मालिक रोमिल वोहरा के पिता कपिल वोहरा को तीन जून को नोटिस जारी किया था, लेकिन उस समय नोटिस लेने के लिए घर पर कोई नहीं था। जिस पर नोटिस घर के बाहर दीवार पर चस्पाया गया था। नोटिस में अवैध रूप से बनाए मकान को खाली करने के आदेश दिए गए थे और 10 जून को निगम कार्यालय में पेश होकर संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। लेकिन नोटिस पर कपिल वोहरा न तो निगम कार्यालय में आए और न ही कि उन्होंने किसी के माध्यम से अपना पक्ष या दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद दूसरा नोटिस 16 जून को जारी किया गया। अब मंगलवार को तीसरा और अंतिम नोटिस जारी किया गया है। जिसमें कपिल वोहरा को 15 दिन के भी मकान को खाली करने के आदेश जारी किए गए है। 15 दिन के बाद अवैध निर्माण को नगर निगम द्वारा ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### हैजा की बीमारी को रोकने के लिए खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिलाधीश उत्तम सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में हैजा जैसी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों को प्रबंध करने होंगे। इस बीमारी की रोकथाम के लिए करनाल जिला में खुले में फल, सब्जी, अन्य खाद्य पदार्थ बेचने पर पूर्णतरू प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके साथ ही बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण करने के एसडीएम, सीटीएम, सीएमओ, डीआरओ, डीडीपीओ सहित अन्य अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। इन आदेशों की अवहेलना की तो संबंधित व्यक्ति कि खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इतना ही नहीं, किसी भी प्रकार के मेले के आयोजन से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी होगी।
जिलाधीश उत्तम सिंह ने जिला में हैजा के संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने के लिए जारी आदेशों में कहा है कि बरसात के मौसम में कई सारी बीमारियों होने का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर मानसून में हैजा सबसे अधिक होता है। यह बीमारी संक्रमित और दूषित पानी से फैलती है। इसकी रोकथाम के लिए पारित आदेशों में खुले में मिठाइयों, मांस, केक, बिस्कुट, ब्रेड, पकोड़े, पके हुए अनाज, चाट, कटी हुई सब्जियों और कटे-अधिक पके फलों की बिक्री, भंडारण और प्रदर्शन पर रोक लगाई है।
उन्होंने आदेशों में वस्तुओं को धूल, मक्खियों या किसी अन्य दूषित एजेंटों से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए ठीक से गेज या उपयुक्त कवर से ढंकने के लिए कहा है। उन्होंने स्टिक के साथ या उसके बिना, बर्फ के गोले, मिनरल वॉटर, शरबत रंग या बिना रंग, सोडा, सिंथेटिक सार के प्राकृतिक नींबू के साथ नींबू पानी और पानी से निर्मित बर्फ की कैंडी और कुल्फी आदि की बिक्री और भंडारण पर भी रोक लगाने के भी आदेश दिए।
जिलाधीश ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि वे किसी भी बाजार, भवन, दुकानों, स्टॉल आदि का निरीक्षण करें और कुछ भी निषिद्ध पाए जाने पर उसे जब्त कर लें, हटा दें या नष्ट कर दें या किसी भी तरीके से निपटान कर दें, जो वे उचित समझें। जिलाधीश ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों के आसपास सभी कुओं पर व्यक्तियोंध्जानवरों के स्नान, कपड़े, बर्तन धोने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# सदस्यता अभियान को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह : सरोहा

**अभियान**

▶▶ केवल उन्हीं लोगों को सदस्य बनाएं जो पार्टी के मूल्यों में सच्ची आस्था रखते हों: सयानंद त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जननायक जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा के नेतृत्व में मंगलवार को हल्के के गांव कुराड़, हसनपुर, लड़सौली, सनपेड़ा में सदस्यता अभियान चलाया। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा ने पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराया व हल्का ग?ैर अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने युवाओं को पार्टी में शामिल होने के लिए



अपील की। हल्का अध्यक्ष सियानंद त्यागी ने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे केवल उन्हीं लोगों को सदस्य बनाएं जो पार्टी के मूल्यों में सच्ची आस्था रखते हों। सदस्यता अभियान को मजबूती से चलाने और सफल बनाने के उद्देश्य से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, नए सदस्यों को जोड़ने और सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से चलाने बारे बताया। सियानंद त्यागी ने कहा कि जेजेपी एक विचारधारा आधारित पार्टी है और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वे दुष्यंत चौटाला द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान किसानों के कल्याण के लिए गए फैसले का उल्लेख करते हुए लोगों को अवगत करवाए। अभियान में पूर्व पदाधिकारी,बुजुर्गों एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में जिला प्रेस प्रवक्ता एडवोकेट सुधीर धनखड़ ,पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ महासचिव जगबीर सरोहा,अनिल सरोहा, राजेश, सुरेन्द्र,योगेश,सुरेश,अनिल, पंडित रामेश्वर, राजेंद्र,नरेंद्र, दीपक, सत्यनारायण, धर्मपाल नरेंद्र, सुंदर,सूरजभान,प्रधान राजेंद्र सिंह,चमन लाल, रोहताश,राजेंद्र शामिल रहे ।

# सिरसा में बिजली संकट से हाहाकार

**सिरसा।(रणबीर खटक)शहर और** आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती का संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। लगातार और बिना सूचना के हो रही कटौतियों से आम जनता परेशान है। बीती रात सिरसा शहर के गौशाला फीडर और इंडस्ट्रियल फीडर में तकनीकी खराबी के चलते आधा शहर अंधेरे में डूबा रहा, जिससे आम लोगों के साथ-साथ दुकानदार, छात्र और मरीज तक बुरी तरह प्रभावित हुए। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर जनता को गुमराह कर रहा है और यह पूरी व्यवस्था अब ठगी का रूप ले चुकी है। मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली गुल रखना विभाग की लापरवाही और सरकार की नाकामी को उजागर करता है। शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इस बिजली संकट का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में सड़कों पर उतरेगी और बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और इस बार भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शर्मा ने ये भी कहा कि जब भी बिजली जाती है, न तो कोई सूचना मिलती है और न ही यह बताया जाता है कि कितनी देर में आपूर्ति बहाल होगी। बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों का स्वास्थ्य और व्यापार सभी पर बुरा असर पड़ रहा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल अस्पताल से काउंसलर डा. कांता रानी व ममता ने जन साधारण को नशा निषेध व एच आई वीध्एसटीआई से सुरक्षा हेतु जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति नशे से ग्रस्त हो तो इलाज के लिए सिविल अस्पताल के कमरा नं 18 में व एचआईवी की जांच हेतू सिविल अस्पताल, सामान्य प्रयोगशाला कमरा नं 3 में संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी-एसटीआई की काउंसलिंग, जांच व इलाज सिविल अस्पताल में बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। इसके अलावा एच आई वीध्एसटीआई की रिर्पोट पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है।
उन्होंने बताया कि एचआईवी-एसटीआई के कारण जैसे कि संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरीज का प्रयोग, संक्रमित रक्त चढाने से, संक्रमित गर्भवती महिला से उसके पैदा होने वाले बच्चे को एचआईवी-एसटीआई का संक्रमण फैल सकता है।

# शहर के 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपए के होंगे विकास कार्य, नपा की टेंडर प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** नगरपालिका ने शहर के सभी 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नगर पालिका ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है और सभी टेंडर जल्द ही अलाट कर दिए जाएंगे। इसके बाद हर वार्ड में कार्यों की शुरूआत की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार इन विकास कार्यों में मुख्य रूप से गलियों का निर्माण, नालियों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट लगाना, इंटरलाकिंग टाइल्स बिछाना तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं को दुरुस्त करना



शामिल हैं। बता दें कि लंबे समय से पार्षद विकास कार्यों को लेकर टेंडर लगाने की मांग कर रहे थे। पार्षदों द्वारा लगातार दो बार बजट बैठक को बीच में छोड़ दिया गया था, लेकिन पिछली बार हुई बैठक में पार्षदों को आश्वासन मिलने के बाद बैठक सफल हुई। आम बैठक में विधायक देवेंद्र कादियान ने भी अधिकारियों को सभी वार्डों में 50-50 लाख रुपये के टेंडर लगाने के निर्देश दिए थे। जिस पर सभी वार्डों के लिए बराबर बजट निर्धारित कर अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों के एस्टिमेट तैयार करने के बाद टेंडर लगा दिए गए हैं।
-जल्द शुरू होंगे कामः नपाध्यक्ष
नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि सभी 17 वार्डों में विकास कार्यों के लिए 50-50 लाख रुपये के टेंडर जारी किए गए हैं। इससे प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास हो सकेगा।

# जिला के सभी गांवों में चलाया जाएगा जन सुरक्षा अभियान: भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
एडीसी सोनू भट्ट ने कहा कि जिला में जन सुरक्षा अभियान की शुरूआत 1 जुलाई से की जाएगी। इस अभियान के तहत जिला के सभी 395 गावों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन तक सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। एडीसी सोनू भट्ट मंगलवार को एडीसी कार्यालय में जिला बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक, ब्लॉक विकास अधिकारी और सभी बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

# एचएयू वीसी के अत्याचारों का घड़ा भरा, अब तो कुलपति को कुर्सी छोड़नी ही पड़ेगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़, सिरसा (रणबीर खटक)**जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि एचएयू के छात्रों पर जो हमला हुआ है, वो विश्वविद्यालय प्रशासन का बेहद कायरतापूर्ण रवैया है। उन्होंने कहा कि जो कुलपति स्वयं लाठी उठाकर छात्रों पर लाठीचार्ज करे वो कैसा कुलपति ? उन्हें वीसी बनने का अधिकार ही नहीं है। मंगलवार को दिग्विजय चौटाला भारी संख्या में अपने साथियों के साथ हिसार में एचएयू में चल रहे धरने पर पहुंचे और अपना समर्थन दिया।
महापंचायत को संबोधित करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि एचएयू के कुलपति के घमंड,



अत्याचारों का घड़ा भर चुका है, अब तो वीसी को कुर्सी छोड़ने ही पड़ेगी।
दिग्विजय ने कहा कि प्रशासन ने छात्रों पर आंदोलन खत्म करने के लिए खूब दबाव बनाया लेकिन छात्रों के साथ हुए अन्याय की इस लड़ाई को अब अंजाम तक पहुंचाकर ही हम सब दम लेंगे और हमें वीसी के इस्तीफे से और कुछ मंजूर नहीं है। दिग्विजय ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वीसी को नहीं हटाया जाता है तो बड़ा आंदोलन करेंगे।
जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा कि भाजपा एक ओर कुलपति को देवता के समान मानने का फरमान जारी कर रही है, वहीं कुलपति जब स्वयं लाठी उठाकर छात्रों पर अत्याचार करे तो उसे हम क्या कहेंगे ? उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हो सकता है कि मुख्यमंत्री वीसी को हटाना चाहते हो लेकिन आज सीएम फैसला लेने में सक्षम नहीं है क्योंकि सरकार कोई और चला रहा है। दिग्विजय ने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों के हितों को ध्यान में न रखकर आज दोषी वीसी को बचाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि एचएयू के वीसी के अत्याचारों का घड़ा भर चुका है, क्योंकि वीसी ने इस धरने को जातीय रंग देने की भी कोशिश की, जो कि विफल हुई। दिग्विजय ने कहा कि अब वीसी का कोई बहाना या चाल नहीं चलेगी इसलिए अब वीसी को यहां से जाना ही होगा।

# बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में स्कूलों में लिंग संवेदनशीलता विषय पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रेड रोजेज पब्लिक स्कूल, गुरुग्राम की प्राचार्या रितु बेदी ने अपने 35 वर्षों के सीबीएसई अनुभव के साथ शिक्षकों को लिंग संवेदनशीलता के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने रितु बेदी का स्वागत किया। रितु बेदी ने लिंग संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को इसे अपने शिक्षण में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# आज भी इमरजेंसी को याद कर रामबिलास शर्मा के खड़े हो जाते हैं रोंगटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी के विरोध में पूरे देश मे आंदोलन शुरू हुआ, हरियाणा भी इससे अछूता नही रहा, विशेषकर अहीरवाल से विरोध की आवाज बुलंद करने वालों में तत्कालीन युवा नेता प्रो. रामबिलास शर्मा प्रमुख रूप से थे। आज भी उस इमरजेंसी की काली रात को याद कर रामबिलास शर्मा के रोंगटे खड़े हो जाते हैं, अहीरवाल के बहुत से नेता जेल गए व पुलिस की बर्बरतापूर्ण यातनाओ को सहन किया व इसके विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। 1975 में रामबिलास शर्मा जन संघ के



संगठन महामंत्री थे। प्रेमचंद गोयल प्रांत प्रचारक, डॉ. अशोक गर्ग विभाग प्रचारक के निर्देशन में रामबिलास शर्मा रोहतक में सत्याग्रह का संचालन करते थे, एक जत्था जिसमें लाला अमरचंद, भगवान दास बंसल, मदनलाल हरदोई, प्रोफेसर श्याम पसरिजा, जगदंबा प्रसाद, रमेश चंद्र सहित लगभग आठ लोग शामिल थे, कई दिन से गायब थे। इमरजेंसी के दौरान पुलिस ने ना इनकी कोई गिरफ्तारी दिखाई ना इन्हें किसी अदालत में पेश किया और अवैध रूप से पुलिस हिरासत में रखा गया। हरियाणा में सत्याग्रह बंद हो गया, संगठन के प्रमुख लोगों की बैठक हुई और निर्णय लिया गया कि इन सत्याग्रह ही जत्थे को ढूंढा जाए व जेल भिजवाया जाए। यह उस समय नाहड़ झज्जर जिले में पुलिस चौकी में थे। रामबिलास शर्मा को जिम्मेवारी दी गई कि वे चौकी के सामने जाकर सत्याग्रह करें। 30 नवंबर 975 को रामबिलास शर्मा ने पुलिस चौकी के सामने सत्याग्रह किया। वहां लगभग 100 पुलिस के जवानों सहित डीएसपी गुरबख्श लालपुरी भी मौजूद थे। रामबिलास शर्मा जब वहां इस जत्थे को अदालत में पेश करवाने के लिए नाहड़ थाने पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और बुरी तरह से टार्चर किया। पुलिस की टॉर्चर से रामबिलास शर्मा बेहोश हो गए, उनके मुंह व कानों से खून बहने लगा। नाहड पुलिस ने रिमांड लेने के लिए रामबिलास शर्मा को चार दिसंबर 1975 को रात 8-30 बजे मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, अदालत ने पुलिस को रामबिलास शर्मा का आठ दिन का रिमांड दे दिया। जहां रामबिलास शर्मा को आठ दिन के पुलिस रिमांड पर अंबाला इंटेरोगेशन सेंटर में भेज दिया गया। वहां पर रामबिलास शर्मा को बहुत अधिक यातनाओं का सामना करना पड़ा। रामबिलाश शर्मा ने किसी तरह एक पत्र लिखकर वहां कार्यरत एक कर्मचारी के मार्फत प्रेमचंद गोयल को भिजवाया और अपने साथ बीती सारी बातों का उस पत्र में वर्णन किया। प्रेमचंद गोयल तथा उनकी पत्नी अन्नपूर्णा ने उस समय तानाशाही से जुझता हरियाणा पुस्तक लिखी, जिसमें ईमरजेंसी के दौरान रामबिलास शर्मा व अन्य लोगों के साथ की गई तानाशाही का भी वर्णन लिखा है। बाद में रामबिलास शर्मा को मीसा के तहत रोहतक जेल लाया गया, वहां पर बीजू पटनायक, चौधरी देवीलाल, स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा व पीलू मोदी भी जेल में बंद थे।

# राजपुरा माइनर के ऊपर बनाए बनाए ब्रिज में घटिया निर्माण सामग्री का आरोप, विजिलेंस जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गन्नौर से राजलू गढ़ी सड़क मार्ग पर राजपुरा माइनर के ऊपर वाहनों के आवागमन के लिए माइनर के ऊपर बने ब्रिज का निर्माण कार्य जल्दबाजी में बनाने व घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग करने का लोगों ने आरोप लगाया है । लोगों ने सरकार से ब्रिज निर्माण में लगाई गई निर्माण सामग्री की विजिलेंस से सैंपल भरवा कर जांच की मांग की है । वाहन चालक दिलावर, महेश विकास, सतवीर ने बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने सिंचाई विभाग के 50 से भी अधिक अधिकारियों को निर्माण कार्यों में घटिया निर्माण सामग्री



लगाने के आरोप में कार्रवाई की थी।
उनका कहना है कि इसके बावजूद भी अधिकारी इसके प्रति गंभीर नहीं है । उनका आरोप है कि निर्माण करने वाली एजेंसी ने एक तो सरकार द्वारा प्रतिबंधित सरिया का प्रयोग किया है।। दूसरा जो सीमेंट के कट्टों के पत्थर बने हुए थे उन पत्थरों को तोड़कर सीमेंट डाली गई है । इसके अलावा ड्राइंग के अनुसार भी सरिया नहीं लगाया गया है । निर्माण भी जल्दबाजी में किया जा रहा है। इस बारे में निर्माण करने वाली एजेंसी से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो पाया ।

# जोन चेयरमैन व पार्षद ने किया आजादपुर का उच्च-स्तरीय निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आजादपुर क्षेत्र** की मुख्य नालियों (लाल बाग और शादी नगर) की दशकों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान हेतु एक उच्च-स्तरीय निरीक्षण दौरा आयोजित किया गया। सिविल लाईन जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर की अध्यक्षता में यह महत्वपूर्ण दौरा संपन्न हुआ। इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के उपायुक्त अंशुल सिरोही की विशेष उपस्थिति और पर्यवेक्षण में दोनों संबंधित वार्डों, लाल बाग से पार्षद सुशील जोंटी और धीरपुर से निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरे में केशव पुरम जोन और सिविल लाइन जोन दोनों के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। अधिकारियों की पूरी टीम को चेयरमैन और उपायुक्त महोदय ने लाल बाग से शुरू होकर शादी नगर तक जाने वाली मुख्य नाली की तत्काल सफाई, डीसिल्टिंग (गाद निकालने) और रीडिजाइनिंग (पुनः डिजाइन) के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। यह निर्देश क्षेत्र में स्वच्छता और जल निकासी की व्यवस्था को स्थायी रूप से सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान आजादपुर आरडब्ल्यूए के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अधिकारियों व पार्षदों को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। आम आदमी पार्टी, वार्ड 14 के सदस्यों ने भी अपनी पार्षद नेहा अग्रवाल के साथ मिलकर इस जनहित के कार्य में पूरा सहयोग दिया। लाल बाग के पार्षद सुशील जोंटी ने इस अवसर पर निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, उपायुक्त अंशुल सिरोही और चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर का लाल बाग क्षेत्र में स्वागत किया और इस संयुक्त पहल की सराहना की। पार्षद नेहा अग्रवाल ने बताया कि यह संयुक्त दौरा क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक, जल निकासी और गंदगी, के समाधान के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।







उन्होंने स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए सदस्यों द्वारा दिए गए समर्थन और महत्वपूर्ण जानकारी के लिए आभार व्यक्त किया। यह उच्च-स्तरीय निरीक्षण और निर्देशित कार्रवाई, दिल्ली नगर निगम और जन प्रतिनिधियों की क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिससे आजादपुर क्षेत्र के निवासियों को बेहतर जीवन गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी।

## हर महीने होंगे नशामुक्ति को लेकर विशेष आयोजन: रविन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर राज्यस्तरीय मेगा प्रोग्राम के आयोजन और जिलों में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने निर्देश दिए कि इस भव्य आयोजन के बाद लगातार नशे के खिलाफ मुहिम जारी रखें। हर माह विभाग समन्वय बनाकर जिलों में जागरूकता के लिए विशेष आयोजन करें। बैठक में दिल्ली पुलिस, केन्द्रीय खेल एवं युवा मामले, समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। समाज कल्याण मंत्री ने आयोजनों को और अधिक प्रभावी एवं जन-भागीदारी आधारित बनाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया की यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सूरजमल विहार में राज्य स्तरीय आयोजन के अलावा सभी जिलों में भी लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इनमें दिल्ली के 64 हॉट स्पॉट का चयन कर नुक्कड़ नाटकों के आयोजन किए जा रहे हैं। रविन्द्र इन्द्राज ने जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग को स्थानीय विधायकों एवं डीएम की मदद से नशा मुक्ति के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को किशोरों व युवाओं तक संदेश पहुँचाने के लिए मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिक इस्तेमाल के निर्देश दिए गए। ताकि संदेश व्यापक स्तर पर फैले और नशे की मांग घटे। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से नशे की उपलब्धता पर शिकंजा कसने खासकर प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति पर कड़ी कार्रवाई करने को लेकर चर्चा हुई।



शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग को समाज कल्याण विभाग व गैर सरकारी संगठनों की मदद से नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि छात्रों और युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान का पता चले।

## बरसात से ऐन वक्त पहले की हड़बड़ी नहीं छुपा सकती रेखा सरकार: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार के द्वारा एक ही दिन में 3400 गड्ढों को भरने के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम दिल्ली की जनता को सचेत करते हैं कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार और उनके सुपर सीएम माने जाने वाले मंत्री प्रवेश वर्मा अब जनता को गुमराह करने के लिए मानसून से ठीक पहले की तत्कालिक सड़कों की मरम्मत और खानापूर्ति का सहारा ले रहे हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 100 दिनों की निकम्मी कार्यप्रणाली और प्रशासनिक विफलता को कुछ गड्ढों को भरकर नहीं छुपाया जा सकता।



दिल्ली के हर इलाके में टूटी सड़कें, बहती नालियां और जर्जर बुनियादी ढांचा साफ दिख रहा है। सरकार ने मानसून से पहले तैयारी के नाम पर केवल प्रचार किया, काम नहीं। उन्होंने याद दिलाया कि 28 फरवरी 2025 को दिल्ली सरकार की बैठक में पैच रिपेयर और पोट होल भरने को समय सीमा में पूरा करने का निर्णय हुआ था। इससे पूर्व 21 फरवरी को अधिकारियों ने मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को एक विस्तृत प्रस्तुति दी थी। यह बैठक तो हुई, लेकिन उसके बाद पूरे दिल्लीवासियों की आंखों में धूल झोंकने जैसा व्यवहार हुआ। टूटी सड़कों की धूल, असल में भाजपा और केजरीवाल सरकार की नाकामी की परतें हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा की दिल्ली पीडब्ल्यूडी के अधीन लगभग 14,00 किमी सड़कों की जिम्मेदारी है। बैठक के अनुसार 7,000 गड्ढों की पहचान हुई थी, जिन्हें मेंटेनेन्स वैन से मरम्मत किया जाना था। इसके लिए 15 मार्च तक टेंडर और 15 अप्रैल तक काम शुरू होना तय था।

# उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मानसून की** शुरूआत के साथ ही दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में पूरे शहर में स्टॉर्म वाटर ड्रेन्स की सफाई और सिल्ट हटाने का बड़ा अभियान चला रही है ताकि बरसात के मौसम में दिल्ली में किसी भी स्थान पर जलभराव से बचा जा सके। इसी क्रम में पर्यावरण और उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया का दौरा किया। उनके साथ स्थानीय विधायक पूनम शर्मा और उद्योग विभाग व डीएसआईआईडीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस मानसून में दिल्ली रुकेगी नहीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अफसरों तक पूरा सिस्टम मैदान में है ताकि हर नाला साफ हो और हर सड़क चालू रहे, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने निरीक्षण के दौरान बताया। मंत्री ने क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया और अब तक किए गए काम पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है और खुले नालों को ढकने तथा गड्ढों को भरने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सख़्त निर्देश दिए कि नालों की मैन्युअल सफाई बिल्कुल न की जाए और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुपर सकर मशीनों व अन्य उपकरणों का ही उपयोग किया जाए ताकि काम सुरक्षित और प्रभावी हो। वजीरपुर जैसे इंडस्ट्रियल इलाके में फैक्ट्री वेस्ट और सीवेज के बावजूद ड्रेनेज में कोई अवरोध नहीं है और वे निर्बाध बह रहे हैं, यह सरकार की नीयत और जमीन पर हो रहे काम का साफ संकेत है।





मंत्री ने स्थानीय विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज की दिन-रात की मेहनत और अफसरों के साथ तालमेल के लिए उनकी सराहना की। जो नतीजे आज जमीन पर दिख रहे हैं, वो हमारे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मेहनत और फील्ड में लगातार मौजूदगी का नतीजा हैं। दिल्ली सरकार ने हाल ही में केन्द्र की ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस नीति के तहत एक ऐतिहासिक कदम उठाया है जिसमें सभी इंडस्ट्रियल इलाकों के पुनर्विकास के लिए कंसेशनायर सिस्टम को फिर से लागू किया जा रहा है।

## दिल्ली भाजपा द्वारा आपातकालीन बंदियों को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** द्वारा प्रदेश के कुल सात जिलों में आपातकाल के काले अध्याय का 50 साल पूरे होने पर जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला संगोष्ठी में आपातकालीन बंदियों को भी सम्मानित किया गया। दिल्ली के सात विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों के प्रदेश संयोजक विधायक गजेंद्र यादव और सह संयोजक राजीव बब्बर, पंकज जैन, विधायक हरीश खुराना और प्रदेश मंत्री सोना कुमारी हैं। नवीन शहादरा जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक राजकुमार भाटिया ने जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार की उपस्थिति में सबको संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। चांदनी चौक जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री विनोद बछेती ने जिला अध्यक्ष अतुल गर्ग की उपस्थिति में सबको संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। करोल बाग जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा नेता राजीव बब्बर जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बार की उपस्थिति में सबको संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। उत्तर पूर्व जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश मंत्री किशन शर्मा ने जिला अध्यक्ष यू. के चौधरी की उपस्थिति में संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया।





केशवपुरम जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता ने जिला अध्यक्ष अजय खटाना की उपस्थिति में संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। मयूर विहार जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भाजपा नेता महेन्द्र आहूजा ने जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा की उपस्थिति में संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया। शाहदरा जिला में बाल मंदिर पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला संगोष्ठी में भाजपा नेता जय प्रकाश ने जिला अध्यक्ष दीपक गाबा की उपस्थिति में संगोष्ठी को संबोधित किया और आपातकालीन बंदियों को सम्मानित किया

## नरेला: भाजपा है वादे की पक्की, जो कहती है, वह करके दिखाती है: त्रिपाठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर-पश्चिम जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। यही कारण है कि देश के लोग ही नहीं बल्कि विदेशी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी कार्यकर्ता भाजपा की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाये, जिससे की जनता भाजपा के कार्यों को बेहतर से जान सके।



# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र में रहने वाली व भाजपा की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनूजा कपूर के निवास स्थान पर मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल और दिल्ली की रेखा सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में चौपाल का आयोजन किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत क्षेत्र स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन मंडल अध्यक्ष शैफाली मनचंदा, भाजपा की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनूजा कपूर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा गीता सक्सेना, डा.शिव चरण योगी सहित क्षेत्र के कई भाजपा नेता मौजूद रहे। इस मौके पर शिव चरण योगी ने कहा कि मोदी सरकार के इन 11 साल के कार्यकाल के दौरान भारत ने काफी ऊंचाईयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत काफी आगे निकल चुका है इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज का भारत पहले जैसा भारत नहीं है, भारत पहले तो किसी को छेडता नहीं है और बाद में छोड़ता नहीं है।

# मैदानी अंपायर से तनातनी ऋषभ पंत को पड़ी भारी

## नियमों का उल्लंघन करने के लिए आईसीसी ने दी यह सजा



**हेडिंग्ले, (लीड्स) :** इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स के हेडिंग्ले में खेले जा रहे टेस्ट में मैदानी अंपायर के फैसले पर असहमति जताना भारत के उप-कप्तान ऋषभ पंत को भारी पड़ा। आईसीसी ने नियमों का उल्लंघन करने के लिए उन्हें एक डिमेरिट अंक दिया है। दरअसल, इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान अंपायर द्वारा गेंद नहीं बदलने पर पंत ने इसका विरोध किया था और गेंद को जमीन पर फेंक दिया था। पंत ने हेडिंग्ले में गजब की बल्लेबाजी की और दोनों पारियों में शतक जड़ा था। उन्होंने पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए।

**क्या है पूरा मामला? :** इंग्लैंड की पहली पारी के 61वें ओवर में मोहम्मद सिराज गेंदबाजी करने आए। ओवर की तीसरी गेंद के बाद बुमराह ने बॉल को लेकर अंपायर से शिकायत की। अंपायर से गेंद को बॉल चेकर (गेज) में डालकर जांच करने को कहा। हालांकि, गेंद पास हो गई और अंपायर ने खेल जारी रखने कहा। इसके बाद ओवर की पांचवीं गेंद पर हैरी ब्रूक ने आगे निकलकर चौका लगाया। इसके बाद पंत ने भी गेंद को लेकर दूसरे अंपायर से शिकायत की। गेंद एक बार फिर गेज टेस्ट में पास हो गई, लेकिन पंत इससे नाखुश दिखे। उन्होंने गुस्से में अंपायर के सामने गेंद को दूर फेंक दिया। गेज टेस्ट में बॉल की साइज नापी जाती है। साइज इधर उधर होने पर गेंद को बदल दिया जाता है।

**एक डिमेरिट अंक जुड़ा :** पंत को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 के उल्लघंन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर नाराजगी जताने से संबंधित है। इसके अलावा पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह उनका 24 महीनों में पहला अपराध था। पंत ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है और आईसीसी मैच रैफरी के आईसीसी एलीट पैनल के रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को भी स्वीकार कर लिया है।

**यह है अधिकतम सजा:** मैदानी अंपायर क्रिस गाफनी और पॉल राइफल के अलावा तीसरे अंपायर शरफुदौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाया था। लेवल एक के अपराध के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुमार्ना या फिर एक या दो डिमेरिट अंक है।

**लीड्स टेस्ट रोमांचक मोड़ पर:** लीड्स टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है और मेजबान टीम को पांचवें दिन प्रतियोगिता जीतने के लिए 350 रनों की जरूरत है। भारत को जीत के लिए 10 विकेट चाहिए। भारत की दूसरी पारी 364 रन पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए। इस तरह भारत को छह रन की बढ़त हासिल थी, जिसे मिलाकर कुल बढ़त 470 रन की हुई और इंग्लैंड को 471 रन का लक्ष्य मिला।

## भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के पूर्व क्रिकेटर और अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोशी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। दोशीका सोमवार को लंदन में निधन हो गया, जहां वह कई दशकों से निवास कर रहे थे। वह 77 वर्ष के थे और हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित थे।

# केएल राहुल को है यकीन- पहले मैच का नतीजा जरूर निकलेगा

भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और राहुल (137 रन) के शतकों से इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने चौथे दिन स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं और उन्हें 350 और रन की जरूरत है, जबकि भारत को जीत के लिए 10 विकेट चाहिए।

**हेडिंग्ले, (लीड्स) :** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है कि लीड्स के हेडिंग्ले में पहले टेस्ट का नतीजा जरूर निकलेगा। हालांकि, उन्होंने किसी टीम का नाम नहीं लिया। राहुल ने कहा कि भारतीय टीम पांचवें दिन ज्यादा से ज्यादा दबाव बनाने की कोशिश करेगी। राहुल ने पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि उन्हें इस मुकाबले के ब्लॉकबस्टर नतीजे का इंतजार है। भारत ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और राहुल (137 रन) के शतकों से इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने चौथे दिन स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं और उन्हें 350 और रन की जरूरत है, जबकि भारत को जीत के लिए 10 विकेट चाहिए। राहुल ने कहा, 'ब्लॉकबस्टर फिनिश का इंतजार है। जब टेस्ट शुरू हुआ तो मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी के मुफीद विकेट है और यह ड्रॉ की ओर बढ़ेगा, लेकिन विकेट बदल रहा है, इस पर टूट-फूट है। पांचवें दिन दरारें खुलनी चाहिए।' पंत से मैदान पर क्या बात हुई?

यह पूछने पर कि जब पंत अजीब शॉट खेलते हैं तो उनसे क्या बात होती है तो इस पर राहुल ने कहा, 'बस चुप रहो। मैंने उनके साथ कुछ साझेदारियां निभाई हैं लेकिन उनकी मानसिकता समझना हमारे लिए मुश्किल है। पर आपको उन्हें वैसे ही बल्लेबाजी करते रहने देना चाहिए। आपको उनसे बात करनी चाहिए, उन्हें शांत रखना चाहिए।'

**अपनी बल्लेबाजी पर राहुल का बयान**

अपनी बल्लेबाजी पर बात करते हुए राहुल ने कहा, 'मेरे लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, बस अब मैं रन बना रहा हूं। मैं पहले शुरूआत को बड़ा स्कोर नहीं बना पाता था। लेकिन अब बहुत सी चीजें बदल गई हैं। मैं शांत हूं और संख्याओं पर ध्यान नहीं देता। मैंने अभिषेक नायर के साथ बहुत समय बिताया है। जब भी मुझे देश के लिए खेलने का मौका मिलता है, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। बार बार मौके मिलना शानदार है।'

**पांचवें दिन को लेकर राहुल का बयान**

अंतिम दिन के बारे में बात करते हुए कहा, 'पांचवें दिन नतीजा निकलेगा। यह दिलचस्प दिन होगा। विकेट पहले पारी की तरह आसान नहीं है। हम जितना संभव हो उतना दबाव बनाने की कोशिश करेंगे।' भारत की दूसरी पारी 364 रन पर समाप्त हुई थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए। इस तरह भारत को छह रन की बढ़त हासिल थी, जिसे मिलाकर कुल बढ़त 470 रन की हुई और इंग्लैंड को 471 रन का लक्ष्य मिला।



# दो बार चेज हुआ 350+ का स्कोर, इतना लक्ष्य देकर भारत सिर्फ एक बार हारा

**नई दिल्ली:** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले में खेला जा रहा टेस्ट रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। इंग्लैंड को 371 रन का लक्ष्य मिला है, जिसके जवाब में इस टीम ने चौथे दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली और बेन डकेट क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को जीत के लिए 350 और रन की जरूरत है, जबकि भारत को 10 विकेट चाहिए। आज 90 ओवर का खेल होना है, ऐसे में रोमांच की सारी हदें टूट जाएंगी। क्योंकि मुकाबला इंग्लैंड के बैजबॉल क्रिकेट और भारत के आक्रामक गेंदबाजी लाइन अप के बीच होगा। भारतीय टीम ने जो गलती इंग्लैंड की पहली पारी में की थी, बस उस गलती से बचना होगा और हर कैच को पकड़ना होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो इंग्लैंड की टीम हर बड़े स्कोर को चेज करने का दमखम रखती है। ऐसा उन्होंने 2022 में भारत के खिलाफ किया भी था। टीम इंडिया को वो मैच याद रखना चाहिए।




**हेडिंग्ले में दो बार 350+ रन का लक्ष्य चेज हुआ:** चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 मौकों पर टीमें सफल हुई हैं। हेडिंग्ले एकमात्र ऐसी जगह है जहां दो बार 350+ रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 404 रन का लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था। वहीं, 2019 में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के 359 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था।

**इंग्लैंड का 350+ रन चेज करते हुए रिकॉर्ड:** इंग्लैंड खुद दो बार चौथी पारी में 350+ रन के लक्ष्य को हासिल कर चुका है। इस टीम ने जुलाई, 2022 में बर्मिंघम में भारत के 378 रन के लक्ष्य को तीन विकेट गंवाकर हासिल कर लिया था। टीम ने 76.4 ओवर में ही यह स्कोर बना लिया था और 4.93 के रन रेट से रन बटोरे थे। हालांकि, तब टीम में बैजबॉल की नींव रखने वाले जॉनी बेयरस्टो हुआ करते थे। अब वह खराब फॉर्म की वजह से स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अभी भी क्राउली और डकेट यह कमाल कर सकते हैं। वहीं, अगस्त, 2019 में इंग्लैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन के लक्ष्य को नौ विकेट गंवाकर हासिल किया था। हालांकि, लीड्स में ये रन बनाने में इंग्लैंड को 125.4 ओवर लग गए थे।

**इंग्लैंड में सबसे सफल लक्ष्य का पीछा:** ओवरऑल इंग्लैंड में सबसे सफल रन चेज की बात करें तो 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 404 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। वहीं, 2022 में बर्मिंघम में इंग्लैंड का भारत के खिलाफ चेज इंग्लैंड में दूसरा सबसे सफल चेज है। 2019 में लीड्स में इंग्लैंड का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 359 रन चेज करना तीसरा सबसे सफल चेज है।

**भारत का कैसा है रिकॉर्ड ?:** वहीं, भारत की बात करें तो टेस्ट में 350+ रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम सिर्फ एक मैच हारी है। टीम इंडिया ने अब तक कुल 59 मौकों पर 350+ रन के लक्ष्य का बचाव किया है। इसमें से 42 मैच भारतीय टीम ने जीते हैं, जबकि 16 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

# आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर ऋषभ पंत के खाते में जुड़ा एक डिमेरिट अंक

**हेडिंग्ले, (लीड्स)।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को लीड्स में चल रहे टेस्ट मैच के तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर अनुचित व्यवहार के लिए आईसीसी की आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इसके तहत पंत को आधिकारिक रूप से फटकार लगाई गई है और उनके अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ दिया गया है। आईसीसी के अनुसार, पंत ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया है, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति ओप्रकट करने से संबंधित है। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर के दौरान हुई जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। इस दौरान पंत ने गेंद की स्थिति पर अंपायरों से चर्चा की और गेंद बदलने की मांग की। लेकिन अंपायरों द्वारा गेंद गेज से जांच के बाद गेंद न बदलने का फैसला करने पर पंत ने नाराजगी जताते हुए गेंद को अंपायरों के सामने जमीन पर फेंक दिया। हालांकि, पंत ने तुरंत अपनी गलती स्वीकार कर ली और आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, जिससे कोई औपचारिक अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई। यह आरोप मैदान पर मौजूद अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने मिलकर लगाए थे। आईसीसी के नियमों के अनुसार, लेवल 1 के उल्लंघन में न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार होती है, जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50% जुमार्ना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकती है। यह पंत का पिछले 24 महीनों में पहला उल्लंघन है। लीड्स टेस्ट मुकाबला इस समय रोमांचक मोड़ पर है, जहां मेजबान इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 350 रनों की जरूरत है और उनके सभी 10 विकेट शेष हैं।



# वीके पाहुजा वार्षिक तैराकी सांख्यिकी बुलेटिन के 45वें संस्करण का हुआ विमोचन

**नई दिल्ली।** भारत के तैराकी इतिहास और सांख्यिकीय दस्तावेजीकरण को समर्पित वीके पाहुजा वार्षिक तैराकी सांख्यिकी बुलेटिन के 45वें संस्करण का विमोचन एक गरिमामय समारोह में किया गया। इस बुलेटिन का संकलन लेडी श्रीराम कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय तैराक एवं नारी शक्ति पुरस्कार विजेता डॉ. मीनाक्षी पाहुजा ने किया। यह बुलेटिन न केवल भारतीय तैराकी के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को संजोता है, बल्कि इसे आंकड़ों और विश्लेषणों के जरिये भविष्य के खिलाड़ियों के लिए भी एक मार्गदर्शक बनाता है। बुलेटिन की पहली प्रति भारत के वरिष्ठतम तैराकी प्रशिक्षक केवी शर्मा को भेंट की गई। इस



आयोजन में भारतीय खेल प्राधिकरण की दो महिला कोचों- परमपाल जोहल और चंदा बरुआ को तीन दशकों से अधिक सेवा के लिए नारी शक्ति को सलाम के तहत सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रसिद्ध पैरा तैराकी कोच रणबीर, उनके दो शिष्य हिमांशु नांदल और अमन शर्मा, तथा साई-ग्लेनमार्क अकादमी के कोच देबेश्वर के साथ दो युवा तैराक युवराज सिंह और ध्रुव सेजवाल को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

**विशेष सामग्री से समृद्ध है 460 पृष्ठों की यह कृति:** बुलेटिन में अर्जुन पुरस्कार विजेता मुरलीकांत पेटकर, पैरा तैराक हिमांशु नांदल और अमन शर्मा के विशेष साक्षात्कार शामिल हैं। साथ ही दो वरिष्ठ महिला कोचों पर केंद्रित प्रेरणादायक लेख भी हैं। छह खंडों में विभाजित यह बुलेटिन भारत में स्थानीय, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैराकी के रिकॉर्ड के साथ-साथ विश्व तैराकी मानचित्र पर प्रमुख देशों की तुलनात्मक प्रस्तुति भी देता है।

# महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में वापसी करेंगी श्रेयंका पाटिल और शिखा पांडे

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल और शिखा पांडे एक बार फिर महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में नजर आएंगी। टूर्नामेंट का 2025 संस्करण 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसका फाइनल 17 सितंबर को गयाना नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। श्रेयंका पाटिल, जो वर्तमान में हाथ की फ्रैक्चर से उबर रही हैं, को इस बार दो बार की चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने ड्राफ्ट किया है, जो 'थ्री-पीट' (लगातार तीसरा खिताब) की तलाश में हैं। 2023 में श्रेयंका गयाना अमेजन वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं। दूसरी ओर, अनुभवी गेंदबाज शिखा पांडे को त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने उनके सफल पिछले सीजन के प्रदर्शन के बाद बरकरार रखा है।

**रॉयल्स का मजबूत कोर बरकरार:** हेली मैथ्यूज की अगुआई वाली बारबाडोस रॉयल्स ने अपने कोर खिलाड़ियों को बरकरार रखा है, जिसमें चिनेल हेनरी, अफी फ्लेचर और अलियाह एलेन शामिल हैं। टीम में पहली बार काइसिया नाइट भी अपने घरेलू फ्रेंचाइजी से खेलेंगी। विदेशी खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जॉर्जिया रेडमेन, श्रीलंकाई ओपनर चामारी अटापट्टू, और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कोर्टनी वेब शामिल हैं।



**नाइट राइडर्स में युवा जोश और अनुभव का मिश्रण:** 2024 की उपविजेता त्रिनबागो नाइट राइडर्स की कमान अनुभवी डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में होगी। टीम में जहजारा क्लैक्सटन, जायदा जेम्स, जनीला ग्लासगो और समारा रमनाथ जैसी 21 वर्ष से कम उम्र की युवा खिलाड़ी शामिल हैं। इनके साथ शबीका गजनाबी, राशादा विलियम्स और एबिगेल ब्रायस अनुभव लेकर आएंगी। टीम में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेस जोनासन की वापसी होगी, और इस बार दक्षिण अफ्रीकी विस्फोटक बल्लेबाज लिजेल ली भी डब्ल्यूसीपीएल में डेब्यू करेंगी। युवा लेग स्पिनर सलोनी डांगोर को भी टीम ने ड्राफ्ट किया है।

**गयाना की उम्मीदें घरेलू सितारों पर:** 2025 संस्करण की मेजबानी कर रही गयाना अमेजन वॉरियर्स ने अपने अनुभवी सितारों जैसे स्टेफनी टेलर, करिश्मा रामहरक और शर्मेन कैंपबेल को बरकरार रखा है। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल लगातार तीसरे सीजन के लिए टीम के साथ जुड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लौरा हैरिस भी तीसरे सीजन में वापसी करेंगी, जबकि मेडलिन पेन्ना को नए लेगस्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में टीम में जोड़ा गया है।

**टूर्नामेंट प्रारूप:** तीनों टीमें–बारबाडोस रॉयल्स, त्रिनबागो नाइट राइडर्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स–डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो बार मुकाबले खेलेंगी।

# काउंटी क्रिकेट डेब्यू में तिलक वर्मा ने जड़ा शानदार शतक

**चेल्म्सफोर्ड।** भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने काउंटी चैंपियनशिप में अपने डेब्यू मैच में शतक जड़कर शानदार शुरूआत की। हैम्पशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने एसेक्स के खिलाफ काउंटी ग्राउंड, चेल्म्सफोर्ड में यह कारनामा किया। नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने उतरे तिलक ने अपने अपने कल के स्कोर 98 को आगे बढ़ाते हुए 239 गेंदों में अपना छठा फर्स्ट क्लास शतक पूरा किया। हालांकि, वे इसके तुरंत बाद साउथ अफ्रीकी ऑफ-स्पिनर साइमन हार्मर का शिकार हो गए। उन्होंने 241 गेंदों में 100 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप: इंटर मियामी और पामेइरास का रोमांचक मुकाबला 2-2 से ड्रॉ

**मियामी।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप के ग्रुप ए के आखिरी मुकाबले में इंटर मियामी ने दो गोल की बढ़त हासिल करने के बावजूद पामेइरास के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला। इस नतीजे के साथ दोनों टीमें नॉकआउट चरण में पहुंच गई हैं, जहां इंटर मियामी का मुकाबला अब यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) से होगा। मियामी की ओर से तादेओ अलेंदे और लुइस सुआरेज ने गोल दागकर टीम को 2-0 की मजबूत बढ़त दिलाई थी, लेकिन आखिरी 10 मिनट में पॉलिन्हो और मॉरिसियो ने गोल करके पामेइरास को बराबरी पर ला खड़ा किया। दोनों टीमें पांच-पांच अंकों के साथ ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहीं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण पामेइरास पहले स्थान पर रही और मियामी दूसरे स्थान पर। इस ड्रॉ के साथ अल-अहली और पोर्तो टूर्नामेंट से बाहर हो गए और दोनों के बीच का मैच 4-4 से ड्रॉ रहा। लियोनेल मेसी की टीम इंटर मियामी अब प्री-क्वार्टर फाइनल में पीएसजी से भिड़ेगी, जहां वह 2021 से 2023 के बीच दो सीजन खेल चुके हैं। पामेइरास का सामना अब अपने घरेलू प्रतिद्वंद्वी बोटाफोगो से होगा। इंटर मियामी के कोच जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद कहा, "हमारे लिए यह एक शानदार मुकाबला था। दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना आसान नहीं है। यह मेजर लीग सॉकर के लिए ऐतिहासिक रात है।" उन्होंने आगे कहा, "हालांकि मैच हमारे हाथ में था, इसलिए अंत में थोड़ा अजीब लगा। लेकिन अगर टूर्नामेंट की शुरूआत से पहले कोई कहता कि हम इन टीमों के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन करेंगे, तो मैं तुरंत मान लेता।" इंटर मियामी, मेजर लीग सॉकर की एकमात्र टीम है जो अंतिम 16 में पहुंची है, जबकि लॉस एंजेलेस एफसी और सिएटल साउंडर्स बाहर हो चुके हैं। मुकाबले की शुरूआत में ब्राजीलियन समर्थकों से भरे स्टेडियम में पामेइरास ने जोरदार दबाव बनाया, लेकिन उनकी अंतिम पासिंग में सटीकता की कमी दिखी। इंटर मियामी ने 16वें मिनट में बढ़त बनाई

# पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको बाहर, इंटर मियामी और पाल्मेरास भी अगले दौर में

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। वहीं, पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला, जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूनार्मेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में



जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा। तीनों टीम ने ग्रुप चरण का समापन दो जीत और एक हार के साथ किया, लेकिन आठ दिन पहले टूर्नामेंट के पहले मैच में एटलेटिको को पीएसजी से 4-0 से मिली करारी हार भारी पड़ गई।

इंटर मियामी और पाल्मेरास के बीच मैच का ड्रॉ होना ही नॉकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा, लेकिन ब्राजील के क्लब पाल्मेरास ने 80वें मिनट में पॉलिन्हो के गोल तथा नियमित समय समाप्त होने से कुछ मिनट पहले मौरिसियो के गोल की मदद से मैच ड्रॉ कराकर अंतिम 16 में अपनी जगह सुनिश्चित की।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना जरूरी: धामी

### मुख्यमंत्री धामी ने सैटेलाइट संचार सेवाओं के विस्तार पर दिया जोर




**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक यहां मंगलवार को नदेसर स्थित एक होटल में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आग्रह किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी भाग लिया। बैठक में भाग लेने के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि बैठक के दौरान उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीमा सड़क संगठन के माध्यम से अधिक सहयोग का आग्रह किया है। साथ ही वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत सीमांत गांवों में सुविधाओं के विकास, भारत नेट और सैटेलाइट संचार सेवाओं के शीघ्र विस्तार पर उन्होंने अपने विचार रखे। धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुदान प्रक्रिया को सरल बनाने, 1989 की दूरस्थ घाटी अधिसूचना को निरस्त करने और मानसून के दौरान उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन, अतिवृष्टि व बादल फटने जैसी आपदाओं से सड़कों को होने वाली क्षति के दृष्टिगत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सुचारू संचालन के लिए राज्य को अतिरिक्त सहयोग देने की आवश्यकता पर सुझाव दिया। राज्य में ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। साथ ही नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले के सफल आयोजन के लिए केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया। धामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विकल्प रहित संकल्प को पूर्ण करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश को विकसित उत्तराखंड के रूप में स्थापित करने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है, ताकि राज्य का हर नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके और "विकसित भारत" के निर्माण में सक्रिय भागीदार भी बन सके। बैठक में सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ का भी मामला उठा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की ओर से सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय के लिए एक 'संयुक्त विशेष कार्यबल' के गठन का प्रस्ताव रखा।

### तकनीक का प्रयोग कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को पारदर्शी बना रहा समाज

*लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह के लिए सामूहिक विवाह योजना में आर्थिक सहायता राशि को दोगुना करने के साथ ही इसकी निगरानी भी सख्ती से करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गड़बड़ी रोकने एवं योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए तकनीकी का प्रयोग कर योजना को और प्रभावी, सरल एवं पारदर्शी बनाया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मंगलवार को बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि योजना का लाभ पात्र परिवार आसानी से ले सकें, इसके लिए कई स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं।*

## भारत के संकल्प को साकार करने में सार्थक होगी यह बैठकः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि राज्यों के बीच समन्वय, विकास के विभिन्न आयाम, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदर्भित यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सार्थक सिद्ध होगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ यादव यहां देश की सांस्कृतिक राजधानी काशी में हो रही मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में शामिल होने आए हैं। यह बैठक नदेसर स्थित तारांकित होटल ताज में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हो रही है। बैठक में भाग लेने से पहले मुख्यमंत्री डॉ



मोहन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभागिता की। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव भी उपस्थित रहे। बैठक में भाग लेने के लिए काशी में प्रवास के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री

**बैठक**

**▫ मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में चार मुख्यमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री हैं मौजूद**

डॉ यादव ने बाबा विश्वनाथ और बाबा कालभैरव के दरबार में हाजिरी लगाई। दर्शन पूजन के बाद बैठक में शामिल होने के लिए नदेसर लौटते समय लहुराबीर में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नारियल पानी भी पिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को देखकर क्षेत्रीय लोगों में उत्साह दिखा और उन लोगों ने हर–हर महादेव का उदघोष कर मोहन याद का अभिवादन करते रहे। बैठक में शामिल होने से पूर्व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी एक्स पर लिखा कि आज वाराणसी में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में उत्तराखंड से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को रखने जा रहा हूं। सीमांत राज्य होने के नाते हमारी प्राथमिकता सीमाओं की सुरक्षा, अंतरराज्यीय समन्वय, पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव दिलाना है। बैठक में आपदा प्रबंधन, परिवहन, स्वास्थ्य, पर्यटन अवसंरचना और राज्य हित के अन्य मुद्दों पर केंद्र व अन्य राज्यों के साथ सार्थक चर्चा की जाएगी।

## पीएम मोदी की टीम इंडिया को नई शक्ति प्रदान करेगी परिषद : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** धर्म नगरी काशी में मंगलवार को कुछ ही देर में शुरू होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक के पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ और श्री संकटमोचन मंदिर में हाजिरी लगाई। दोनों मंदिरों में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने बैठक की सफलता और देश–प्रदेश में सुख शांति के लिए महादेव और श्री संकटमोचन से मंगलकामना की। मंदिर में दर्शन पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने अपने अधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा बाबा विश्वनाथ की कृपाभूमि, अविनाशी काशी में आज मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सहभाग करूंगा। संघीय एकता, राष्ट्रीय अखंडता और क्षेत्रीय विकास को सुदृढ़ करने वाली यह परिषद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीम इंडिया के दृष्टिकोण को नई शक्ति और गति प्रदान करेगी।
उन्होंने लिखा कि देवभूमि उत्तराखंड



के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी , बाबा महाकाल की कृपा भूमि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं माँ दंतेश्वरी की पावन धरा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समेत मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में सम्मिलित है। सुबह मुख्यमंत्री के आने-जाने के दौरान सड़क पर यातायात कुछ देर के लिए रोका गया। कड़ी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री सर्किट हाउस से मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे।



उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का पटना के जयप्रकश नारायण हवाईअड्डे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वागत करते

## बिहार में लगेगा न्यूक्लियर पावर प्लांट : मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने देश की ऊर्जा स्थिति और भविष्य की योजनाओं को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार में एक न्यूक्लियर पावर प्लांट लगेगा। केंद्र सरकार ने इसकी सहमति दे दी है। राजधानी पटना स्थित होटल ताज में मंगलवार को पांचवीं क्षेत्रीय ऊर्जा बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बिहार में बिजली के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। ऊर्जा क्षेत्र में बिहार अब अग्रिणी राज्यों की कतार में खड़ा है। इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने बिहार में 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए



जाने की कामयाबी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह एक रिकॉर्ड है। बिहार बिजली के क्षेत्र में पिछड़ माना जाता था, लेकिन आज काफी आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बिहार से न्यूक्लियर पावर की मांग की गई है। बिहार सरकार न्यूक्लियर पावर लगाए, हम उसमें मदद करेंगे। बिहार से बिजली स्टोरेज के लिए 1000 मेगावॉट के लिए मांग की गई है। अगले 6 महीने में अतिरिक्त 500 मेगावाट की सप्लाई कर दी जाएगी। देश में जरूरत के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर ने कहा कि भारत पहले पॉवर डिफिसिट देश के नाम से जाना जाता था , लेकिन हम आज बिजली की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। उसके साथ-साथ भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और नेपाल को बिजली निर्यात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में ऊर्जा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई है । देश में थर्मल पावर, सोलर, विंड पावर और स्टोरेज के प्रोजेक्ट पर काम चल रहे हैं। बैठक में सभी राज्यों में कम से कम एक परमाणु बिजली घर का निर्माण करने को लेकर योजना बनाई गई है।

## कथावाचन में एकाधिकार के लिए वर्चस्ववादी लोग पीडीए को कर रहे अपमानित : अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** कुछ वर्चस्ववादी लोग पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को अपमानित कर रहे हैं। कथावाचन में ये लोग समाज में अपना एकाधिकार बनाए रखना चाहते हैं। सच्चे भक्त अब भागवत कथा भी नहीं सुना पा रहे हैं। समाज में समानता और सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने



कही। सपा अध्यक्ष मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए इटावा में कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत कुमार यादव के साथ हुई अमानवीय घटना की निंदा कर रहे थे। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा जबरन विचारधारा थोपने में लगी है। कथावाचकों के साथ भेदभाव पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि कथावाचन के लिए सरकार एकाधिकार कानून लाए? अब वर्चस्ववादी दक्षिणा भी नहीं लेंगे? सपा अध्यक्ष ने कहा कि पहले ये लोग घर और मंदिर धुलवाते थे, अब सरेआम लोगों का मुंडन कराया जा रहा है।

### देश के पूंजीगत निवेश का इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 फीसदी रहने का अनुमान है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पूंजी व्यय में टॉप पर रहेगा। पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं।

**दर्शन** साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और देश के कल्याण हेतु प्रार्थना की

## 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव जी के दरबार में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय ने की पूजा-अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** उत्तरप्रदेश के वाराणसी में देवों के अधिदेव भगवान शंकर की पावन नगरी काशी में स्थित 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव जी महाराज के दिव्य मंदिर में आज मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण हेतु प्रार्थना की। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने बाबा काल भैरव की विधिवत आराधना



की और संपूर्ण राष्ट्र के लिए मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि बाबा भैरवनाथ की कृपा समस्त देशवासियों पर निरंतर बनी रहे, यही मेरी प्रार्थना है। उन्होंने देश के नागरिकों के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और कल्याण के प्रकाश के निरंतर प्रवाह की कामना भी की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य की शांति, विकास और जनकल्याण की दिशा में अग्रसर यात्रा के लिए बाबा काल भैरव जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।
उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ईश्वर की कृपा से प्रदेश और देश में सुशासन और समृद्धि का मार्ग और अधिक सुदृढ़ होगा।

